आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 316 | इंदौर, शनिवार 13 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 13 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com




## बंगाल की सरकारी इमारत में आग लगने से 4000 ईवीएम जले

### बैलेट यूनिट और वीवी पैट जलकर खाक हो गए, एडिशनल सीईओ ने घटनास्थल का दौरा किया और ईसीआई को सौंपेंगे रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ परगना

कोलकाता में साउथ 24 परगना ज़िला परिषद ऑफिस में आग लगने से 4 हजार से ज्यादा ईवीएम, बैलेट यूनिट और वीवी पैट जलकर खाक हो गए। एडिशनल उएड ने आज घटनास्थल का दौरा किया और ईसीआई को रिपोर्ट सौंपेंगे। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, ईवीएम को लेकर अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। वे आग लगने की घटना की जांच कर रहे हैं। सीईओ ऑफिस की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस को जांच के लिए कोई शिकायत नहीं मिली है।



पश्चिम बंगाल के मंत्री कौशिक चौधरी ने बृहस्पतिवार को बताया कि यहां एक सरकारी इमारत में लगी आग में करीब 4 हजार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस घटना पर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि तोड़फोड़ की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता राकेश सिंह ने आरोप लगाया कि आग एक सुनियोजित घटना थी। इस बीच हालांकि उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई भी सबूत सार्वजनिक नहीं किया है।

#### आग नौवीं और दसवीं मंज़िल तक कैसे पहुंची

चौधरी ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद कहा, यह सामान्य आग नहीं प्रतीत हो रही है। हम जांच कर रहे हैं कि कहीं कोई तोड़फोड़ तो नहीं हुई थी। अभी यह साफ नहीं है कि आग नौवीं और दसवीं मंज़िल तक कैसे पहुंची। उन्होंने कहा कि आग सबसे पहले इमारत की दूसरी और तीसरी मंज़िल पर देखी गई। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, आग चौथी, पांचवीं और छठी मंज़िल को प्रभावित किए बिना सातवीं और आठवीं मंजिल तक कैसे पहुंच गयी?

## देश विदेश

### ट्रंप का दावा, अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध खत्म कर दिया

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध खत्म कर दिया है। एक वर्चुअल रैली में ट्रम्प ने अपने समर्थकों से यह बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ईरान ने ट्रम्प के इस दावे को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि शांति समझौते पर अभी कोई आखिरी फैसला नहीं लिया गया है। इससे पहले ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा था कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील को मंजूर कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते पर इसी सप्ताह यूरोप में साइन हो सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इसमें शामिल होंगे।

### मैगी के पैकेट में कीड़े मिलने पर नेस्ले को नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने मैगी में कीड़े मिलने की शिकायत के बाद नेस्ले कंपनी को नोटिस भेजा है। सोशल मीडिया पर आई शिकायतों के आधार पर मानक प्राधिकरण ने कंपनी से जवाब मांगा है और तुरंत एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा है। मैगी के जिस बैच को लेकर शिकायत मिली है, मानक प्राधिकरण ने उसे बाजार से तुरंत हटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा, साफ-सफाई से जुड़ी शिकायतों को लेकर फास्ट-फूड चेन केएफसी को भी नोटिस जारी किया गया है। वहीं, खजूर के एक प्रोडक्ट में कीड़े मिलने की शिकायत पर फ्लिपकार्ट इंडिया और ओपन सीक्रेट से भी जवाब तलब किया गया है। मानक प्राधिकरण का कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और सभी कंपनियों से मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### फिल्म 'काला हिरण' को लेकर सलमान खान हाईकोर्ट पहुंचे



**मुंबई।** एक्टर सलमान खान शुक्रवार को फिल्म काला हिरण के प्रोड्यूसर के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने अदालत में दायर याचिका में कहा है कि फिल्म उनके बिना अनुमति के बनाई गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि फिल्म में उनके अंडरवर्ल्ड से संबंध होने का संकेत दिया गया है। बता दें कि काला हिरण मामले से प्रेरित फिल्म 'काला हिरण: द बैटल फॉर लेगेसी' का फर्स्ट लुक आज ही जारी किया गया था। जिसमें सलमान खान का जिक्र अयान खान और लॉरेंस का जिक्र लॉयन के नाम से किया गया है। वीडियो में काला हिरण शिकार केस और कानूनी लड़ाई से जुड़े मामले को दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन भारत एस. श्रीनाथ ने किया है। जबकि अमित जानी इसके लेखक और निर्माता हैं। फिल्म का टीजर 20 जून को रिलीज किया जाएगा। 'काला हिरण' को लेकर सलमान की ओर से लीगल नोटिस भेजा गया था। न्यूज18 की रिपोर्ट में बताया गया था कि सलमान की ओर से लॉ फर्म डीएसके लीगल ने कास्टिंग डायरेक्टर अक्षय पांडे को एक लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस में 'काला हिरण' नाम की प्रस्तावित फिल्म के प्रोडक्शन और प्रमोशन को तुरंत रोकने की मांग की गई।

### राज्यसभा नामांकन रद्द होने के खिलाफ मीनाक्षी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली/भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सीधे रिट याचिका नहीं सुनी जा सकती। अगर उन्हें फैसले पर आपत्ति है तो वे चुनाव याचिका दायर करें। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एएस चंदूरकर की बेंच ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 329 चुनाव प्रक्रिया में अदालतों के हस्तक्षेप को सीमित करता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस मामले में रिट पिटीशन पर सुनवाई नहीं कर सकता। नामांकन रद्द करने का फैसला सही था या गलत, अदालत ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की।

### शेयर बाजार में ऐतिहासिक उछाल सेंसेक्स 1600 अंक चढ़ा

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज गिरावट के बीच भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। निवेशकों की मजबूत खरीदारी के चलते बीएसई सेंसेक्स 1,600 अंकों से अधिक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,600 के महत्वपूर्ण स्तर को पार करने में सफल रहा। बाजार में आई इस तेजी ने निवेशकों की संपत्ति में भारी बढ़ोतरी की और कारोबारी माहौल को सकारात्मक बना दिया। कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 1,658.34 अंक यानी 2.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,490.89 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 50 भी 441.65 अंक यानी 1.91 प्रतिशत मजबूत होकर 23,603.25 पर कारोबार करता दिखाई दिया।

### कॉकरोच पार्टी चीफ बोले- आंदोलन करना सबसे बड़ी देशभक्ति

## करीब 6 हजार अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

लखनऊ के इको गार्डन में शुक्रवार को छात्रों और वनडे एग्जाम की तैयारी कर रहे करीब 6 हजार अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। कॉकरोच जनता पार्टी के चीफ अभिजीत दीपके भी इसमें शामिल हुए। वह करीब 40 मिनट तक रुके। भाषण दिया, 20 जून को दिल्ली आने का आह्वान किया। इसके बाद निकल गए।

दीपके ने संबोधन में कहा- हमारा देश एक आंदोलन से बना था। आंदोलन नहीं हुआ होता तो आज आजादी भी नहीं मिलती। अगर देश में इमरजेंसी के खिलाफ आंदोलन ना होता तो आज लोकतंत्र ना होता। आंदोलन करना सबसे बड़ी देशभक्ति है। चाहे लेखपाल हो,



यूपीएसआई हो, नीट हो या सीबीएसई, जो-जो भी इनके पेपर लीक करने के दोषी होंगे, सबको रिजाइन करना होगा।

सुबह 10 बजे प्रदर्शन शुरू हुआ। अभिजीत दोपहर डेढ़ बजे हाथ में संविधान की किताब लेकर इको गार्डन पहुंचे। उन्हें पुलिस ने सुरक्षा घेरे में अंदर तक पहुंचाया। प्रदर्शन के दौरान आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स), पीएसी और लोकल पुलिस के 1500 से ज्यादा जवान तैनात रहे।

#### सैकड़ों छात्र और समर्थक पोस्टर-बैनर लेकर पहुंचे

सैकड़ों छात्र और समर्थक पोस्टर-बैनर लेकर पहुंचे। उन्होंने पेपर लीक बंद करो, बंद करो और यूपीएसआई स्कोर कार्ड जारी करो, जारी करो के नारे लगे। कुछ छात्र-अभ्यर्थियों ने कॉकरोच पार्टी और अभिजीत दीपके का विरोध भी किया। कहा- हमारे इस आंदोलन का कॉकरोच पार्टी से कोई मतलब नहीं है। वे राजनीति कर रहे हैं। अगर अभिजीत दीपके यहां आ गए, तो हमारा आंदोलन तहस-नहस हो जाएगा। अभिजीत गुरुवार देर रात 2.20 बजे लखनऊ पहुंचे थे। उन्होंने टीम इंडिया की टी-शर्ट पहन रखी थी। अमौसी एयरपोर्ट पर से दीपके ने कहा था- हम दिल्ली और पुणे की तरह ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे।

### पति की गर्लफ्रेंड ने राजपरिवार की बहू पर चलाई गोलियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सतना

एमपी के सतना जिले से बड़ा मामला सामने आ रहा है। नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी में पारिवारिक विवाद के दौरान हुई फायरिंग क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना में प्रतिहार राजपूत वंश के राजपरिवार की बहू योगिता सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें पहले सतना में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा है कि योगिता पर उनके पति की कथित महिला मित्र सुनीता ने गोलियां चलाई जिससे वह घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट चुकी है।

### पीएम की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक

## नक्सलवाद खत्म, अब विकास को देंगे नई रफ्तार : सीएम यादव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की विकास योजनाओं और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया।

सीएम ने कहा कि विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र और राज्यों की साझी भागीदारी जरूरी है और मध्यप्रदेश सुशासन, समावेशी विकास तथा जनकल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश ने केंद्र द्वारा तय समय-सीमा से पहले नक्सलवाद के खात्मे में सफलता हासिल की है। अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण, किसान कल्याण, नए मेडिकल कॉलेजों, आयुष्मान योजना, आरोग्य मंदिरों, नदी जोड़ो परियोजनाओं, पीएमश्री महाविद्यालयों, कौशल विकास और औद्योगिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। धार में स्थापित पीएम मित्र पार्क सहित कई नई परियोजनाएं प्रदेश के विकास को नई दिशा देंगी।

## चप्पल निकालने क्षिप्रा नदी में कूदे मामा-भांजे की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

महिदपुर नगर के पास क्षिप्रा नदी के बड़े पुल से ग्राम नारायणखेड़ी का 14 वर्षीय आयुष राठौर पिता अशोक राठौर नदी में चप्पल गिरने से निकालने के लिय पुल से कूद गया। थोड़ी देर बाद उसका मामा दुबली निवासी 25 वर्षीय राजेश परमार उसे बचाने नदी में कूद गया परंतु दोनों नदी में डूब गये। 2-3 घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने दोनों के शवों को बाहर निकाला।



पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर लाश परिवारजनों को सौंपी। घटना अपरान्ह 12 बजे के आसपास की थी। क्षिप्रा पुल पर रिश्तेदारों, मित्रों एवं दर्शकों की भारी भीड़ जमा हो गई थी।

### ट्रैनिंग के दौरान धमाके में 2 जवान घायल

एजेंसी ▸▸ पुंछ

जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। दोपहर करीब 12.30 बजे माल्टी सेक्टर में भारतीय सेना की एक फॉरवर्ड पोस्ट पर नियमित ट्रेनिंग और हथियार संचालन की ड्रिल चल रही थी, तभी गलती से एक ग्रेनेड फट गया। इस अचानक हुए विस्फोट में सेना के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके के तुरंत बाद दोनों को प्राथमिक चिकित्सा के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई।

## देश विरोधी गतिविधियों में शामिल एजेंट भोपाल से गिरफ्तार

### मोबाइल में मिली पाकिस्तान से भेजी गई पीडीएफ फाइल, 16 जून तक रिमांड पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल में एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड ने देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ने के संदेह में एक युवक को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान मोहम्मद फराज के रूप में हुई है। एटीएस ने उसे शुक्रवार को सुबह भोपाल के काजी कैंप इलाके में नन्हें बी की मस्जिद के पास से पकड़ा है।

आरोपी एक डॉक्टर के क्लीनिक पर काम करता था। प्रारंभिक जांच में एजेंसी को कुछ ऐसे इनपुट मिले हैं, जिनके आधार पर आरोपी की गतिविधियों की जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी कथित तौर पर विशेष ट्रेनिंग के लिए अफगानिस्तान जाने की तैयारी कर रहा था। एटीएस ने उसके मोबाइल से पाकिस्तान से भेजे गए कथित जिहादी दस्तावेजी पीडीएफ बरामद होने का दावा किया है।

### राष्ट्रपति भवन की तरफ कर रहे थे कूच, पुलिस से हुई जमकर झड़प

## दिल्ली में एमपी कांग्रेस के 61 विधायक गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर सामने आ रही है। जंतर-मंतर पर सत्याग्रह करने के बाद महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने राष्ट्रपति भवन की तरफ जा रहे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और एमपी कांग्रेस के 61 विधायकों को दिल्ली पुलिस ने रास्ते से ही गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस सभी विधायकों को पुलिस वैन में डालकर थाने ले गई।

दरअसल, मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने को लेकर एमपी कांग्रेस 61 विधायकों ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने की मांग की थी। बता दें कि, मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के 61 विधायकों ने शुक्रवार को दिल्ली में जंतर-मंतर पर चुनाव आयोग के खिलाफ 'सत्याग्रह' विरोध प्रदर्शन किया।



#### राष्ट्रपति ने भिजवाया मेल- उमंग सिंघार

राष्ट्रपति से मिलने की अनुमति नहीं मिलने और दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि वह देश की राष्ट्रपति हैं न की किसी पार्टी की अध्यक्ष। सिंघार ने दावा किया कि उन्हें राष्ट्रपति की तरफ से एक मेल भिजवाया गया था जिसमें लिखा था कि वे आज नहीं मिल सकती हैं। इस पर सिंघार ने राष्ट्रपति पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा की एजेंट के तौर पर काम कर रही है। क्या राष्ट्रपति लोकतंत्र को बचाना नहीं चाहती हैं?

#### पुलिसकर्मी से भिड़े जीतू पटवारी

कांग्रेस के विधायकों को जिस समय दिल्ली पुलिस गिरफ्तार कर वैन में भर रही थी उस समय एमपी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और एक पुलिसकर्मी के बीच तीखी बहस देखने को मिली। दरअसल, राष्ट्रपति भवन की तरफ बढ़ रहे कांग्रेस नेता और विधायकों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड लगाए थे। जीतू पटवारी बैरिकेड पर चढ़े तो उन्हें एक पुलिसकर्मी ने नीचे खींचने की कोशिश की। इससे वह भड़क गए और पुलिसकर्मी से बोले कि 'अरे मेरे को छोड़ो, आप मुझे छोड़ो। पुलिस से बहस करने के कुछ देर बाद पुलिस ने उन्हें भी घसीटकर वैन में डाल दिया और गिरफ्तार कर लिया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## माँ शिप्रा तैराक दल द्वारा चलाये जा रहे ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर के समापन कार्यक्रम में बच्चों को वितरित किए प्रमाण पत्र



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माँ शिप्रा तैराक दल द्वारा चलाये जा रहे 2 माह ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर का समापन कार्यक्रम बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप मेहता (दैनिक अवंतिका संपादक), विशेष अतिथि नोतिनदास चेतनानी, (उज्जैन सेवा समिति कोषाध्यक्ष), संस्था अध्यक्ष पं. हिमांशु व्यास, संस्था सचिव व प्रशिक्षक संतोष सोलंकी, भूपेंद्र हँसवाल (सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर), संस्था प्रचार सचिव तेजा कहार, महिला प्रशिक्षक सपना माली द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर शुभकामनाएं दी तथा राज्यस्तरीय खिलाड़ियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। जानकारी सपना माली ने दी।

### गुणवत्ता की स्पाट पर जांच, मेला अधिकारी ने प्रयोगशाला भी देखी

# सिंहस्थ की निर्माणाधीन सड़क कसौटी पर आई





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिहंस्थ महापर्व 2028 के विश्व स्तरीय आयोजन के लिए विकास कार्यों के साथ नवीन सड़क निर्माण, मार्ग चौड़ीकरण और ब्रिज का निर्माण के कार्य प्रगतिरत है। गुरूवार को नियमित निरीक्षण के तहत संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सड़क निर्माण कार्य में उपयोग की गई निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण स्पाट पर ही सेंपल लेकर करवाया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रयोगशाला को भी देखा है।

मेला अधिकारी एवं संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने लोक निर्माण विभाग की केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला की टीम के साथ नानाखेड़ा चौराहा पर निमार्णाधीन सिक्स लेन सड़क निर्माण और लालपुल से भूखी माता होकर मुरलीपुरा बड़नगर रोड़ तक निर्माणाधीन सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री की मानक स्तर पर गुणवत्ता की जांच कराई।

### समक्ष में कराई जांच एवं जानकारी ली

श्री सिंह की उपस्थिति में अधिकारियों ने सड़क निर्माण के एक हिस्से से खोदकर निर्माण सामग्री निकालने के बाद इसका परीक्षण प्रयोगशाला में विभिन्न स्तरों पर कराया है। प्रयोगशाला में निर्माण सामग्री के परीक्षण के बाद मूल्यांकन का मानक स्तर रजिस्टर में दर्ज किया गया। श्री सिंह ने क्वालिटी परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण कर विभिन्न परीक्षण में उपयोग होने वाली मशीनों की जानकारी भी ली।

### मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें

उन्होंने सिंहस्थ महापर्व के लिए निर्माणाधीन ब्रिज निर्माण, सड़क निर्माण, मार्ग चौड़ीकरण कार्य, शिप्रा नदी पर घाट निर्माण सहित अन्य प्रचलित विकास कार्यों में निर्माण सामग्री के उपयोग के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नियमित मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी सामग्री की प्रयोगशाला में जांच कराने के साथ ही जांच रिपोर्ट भी प्रतिदिन की तैयार रखें। मेला अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों में क्वालिटी से किसी तरह का कोई समझौता नही होगा। सभी विभाग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

### ऐसे हुई निर्माण सैंपल की जांच

- **कंप्रेसिव स्ट्रेंथ-** कंक्रीट के क्यूब्स बनाकर पानी में रखकर इसकी भार सहने की क्षमता मापी जाती है।
- **सेटिंग टाइम-** सीमेंट तय समय में जम रहा है या नहीं।
- **क्यूब टेस्ट और स्लम टेस्ट-** कांक्रीट की गुणवत्ता और कार्य करने की क्षमता जांची जाती है।
- **स्टील परीक्षण-** स्टील की छड़ों की खिंचाव और भार सहने की क्षमता की जांच होती है।
- **वजन और व्यास -** स्टील का वजन और मोटाई मानक के अनुसार होनी चाहिए।
- **क्रशिंग और इम्पैक्ट टेस्ट -** पत्थरों पर पड़ने वाले दबाव और झटकों को सहने की क्षमता मापी जाती है।
- **लॉस एंजिल्स एब्रेशन टेस्ट-** गिट्टी कितनी घिसती है इसकी जांच होती है।
- **मिट्टी और सब-** ग्रेड सीबीआर टेस्ट- सड़क की नींव की मजबूती जांचने के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट है।
- **प्रोक्टर कॉम्पेक्शन टेस्ट-** मिट्टी में कितनी नमी है और संघनन के बाद उसका घनत्व क्या होगा, यह मापा जाता है।

नोट-स्थल पर लोक निर्माण विभाग केंद्रीय लेब अधिकारियों के बताए अनुसार

# वीर योद्धा बंदा बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सनातन धर्म की रक्षा के लिए लगभग 300 वर्ष पूर्व सैकड़ों मुगलों के सिर कलम करने वाले वीर शिरोमणि राष्ट्रभक्ति अमर शहीद श्री बंदा बैरागी का बलिदान दिवस वैष्णव बैरागी समाज धर्मशाला अंकपात पर वरिष्ठ नेता समाजसेवी दादा मनोहर बैरागी के मुख्य आतिथ्य एवं खेड़ापति हनुमान सरकार के गादिपति महंत श्री हरिहर रसिक की अध्यक्षता में मनाया जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

बलिदान दिवस पर वीर बंदा बैरागी के जीवन को रेखांकित करते हुए श्री बैरागी ने कहा कि आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व जब देश में विशेष कर पंजाब में मुगल शासकों का आतंक चारों तरफ फैला हुआ था उनके जुल्म और ज्यादती से हिंदू एवं सनातनियों का जीना मुश्किल हो गया था। तत्कालीन मुगल शासक द्वारा गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को जिंदा दीवाल में चुनवाने एवं हिंदुओं पर अत्याचार का बदला लेने के लिए गुरु गोविंद सिंह द्वारा बंदा बैरागी को अपना शिष्य बनाकर उन्हें राष्ट्र एवं हिंदुओं की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इसके बाद बंदा बैरागी द्वारा एक सेना तैयार कर जंग का ऐलान कर दिया और सैकड़ों मुगलों को मौत के घाट उतार दिया। इसी दौरान उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर का सिर काटने वाले जलालुद्दीन एवं सरहिंद के नवाब वजीर खान का सिर काट डाला। इसके बाद मुगलों में हा-हा कर मच गया और उनके द्वारा लाखों सैनी को कोई खट्टा कर बंदा बैरागी और उनकी सेवा को पकड़कर मार डाला।

महा योद्धा वीर बंदा बैरागी के चित्र पर गोपाल बैरागी, हरीश शास्त्री, बंटी बैरागी, अनिल बैरागी, कृष्णकांत बैरागी, ललित बैरागी, अनमोल, रामेश्वर बैरागी, सुमित शर्मा, शहीद सैकड़ों सनातनियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। संचालन गिरधारी माडसाहब द्वारा एवं आभार धर्मशाला अध्यक्ष ओम बैरागी द्वारा व्यक्त किया गया।

# नगर संस्था के पानी हिसाब में लोचा...

नगर संस्था के पास पानी का मसला 1999 से मात्र तीन साल के लिए आया था। इस दौरान पानी वालों को कैसे सब किया जाता है और हिसाब कैसे लिया जाता है सिखाना था और उसके बाद नगर की संस्था से वापस हो जाना था। पिछले 27 सालों में नगर संस्था में इस पूरे मसले को विकसित ही नहीं किया जा सका है। खास तो यह है कि उल्टे हाल बन गए हैं। इसी के चलते कम प्रेशर, आए दिन क्षमाप्रार्थना के योग बन जाते हैं। इससे भी खास यह है कि पानी के हिसाब के लिए पूर्व में मेन्यूअल सब किया जाता था। हिसाब ओके होकर दौड़ लगाता था और उपयोगकर्ता भी समय पर हिसाब कर देते थे।

खुसूर फुसूर

जब से हिसाब किताब का अत्याधुनिकीकरण किया गया है मेन्यूअल लेजर से हाईटेक होने में हिसाब ने जमकर जंप किया है। उपयोगकर्ता को जारी हो रही रसीदों में हजारों का बकाया ऐसे बताया जा रहा है जैसे मजाक चल रहा हो न कि हिसाब किताब। ईमानदारी से प्रति वर्ष का अग्रिम पैसा जमा करने वालों के खातों में भी सालों का बंपर बकाया निकाला जा रहा है। अगर उपयोगकर्ता साबित नहीं कर पाए कि उसने जमा कर दिया है तो उस पर बकाया मढना तय है और फिर चुकता करना उसकी मजबूरी है। अत्याधुनिकीकरण के तहत निकलने वाली रसीदों में बकाया निकल ही रहा है। इसके लिए विभागीय कर्मचारी कहते हैं कि डायरी लेकर आएं उसे चेक करेंगे। उसके आधार पर संशोधन कर दिया जाएगा। सवाल यह उठ रहा है कि अगर किसी उपयोगकर्ता ने सालों से नकद जमा किए हैं और उसके पास डायरी नहीं मिली पाई या खो गई तो ऐसे में तो अत्याधुनिकीकरण के तहत उस पर बकाया मढना तय ही है। उपयोगकर्ता के हित के लिए कौन बोलेगा और इतनी मशक्कत करेगा कि सालों पुराने रसीद कट्टे खोजे जाएंगे और उसे राहत प्रदान करने के लिए जमीन आसमान एक किया जाएगा। उसकी जुबानी बात पर यकीन कौन करेगा। पानी उपयोगकर्ता के खाते का अत्याधुनिकीकरण सवालों के घेरे में है और उसमें लोचे की स्थिति में ही रसीद दी जा रही है। यही नहीं अत्याधुनिकीकरण के लिए जिसे ठेका दिया फिर उसने बगैर प्रमाणन के कैसे खाते में शेष रकम दर्शा दी है यह सवाल भी कायम हो रहा है। खुसूर-फुसूर है कि ये हिसाब में गोलमाल है भाई सब गोलमाल है। पानी में बेमानी भी शामिल होने का स्तर सामने आ रहा है। इसके लिए जिम्मेदार वे हैं जिन्हें उपयोगकर्ता एवं बराबर इमान से जमाकर्ता के हितों एवं हिसाब को ध्यान रखना है वे ही इसे नजरअंदाज कर रहे हैं।

## न्यूज कॉलम

# विकास प्राधिकरण ने दी शहरवासियों के लिए काम्पलेक्स की अनूठी सौगात



**उज्जैन।** उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा शहरवासियों के लिए भूस्वामी अधिकार अंतर्गत व्यावसायिक एवं कार्यालयीन गतिविधियों हेतु बाबूलाल जैन वाणिज्यिक परिसर महानंदा नगर योजना में 43 दुकानों एवं ऑफिस/चेम्बर की निविदा निकाली गई है। उक्त वाणिज्यिक परिसर शहर के देवास रोड पर सर्किट हाउस के पास शासकीय पोलिटेक्निक कालेज के समीप स्थित है। उक्त वाणिज्यिक काम्पलेक्स का फ्र ंट ऐलिवेशन एसीपी पेनल द्वारा डिजाईन किया गया है। परिसर में भूतल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों की 13 दुकानें, प्रथम तल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों के 15 आफिस चेम्बर तथा द्वितीय तल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों के 15 आफिस चेम्बर है। उक्त वाणिज्यिक परिसर के सामने 100 फीट चौड़ी सड़क होकर परिसर में अत्याधुनिक लिफ्ट की सुविधा तथा लेंड स्केपिंग भी है जो परिसर को बहुत आकर्षक बनाती है। परिसर में चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों हेतु पार्किंग की सुविधा तथा वाशरूम की सुविधाएं भी उपलब्ध है जो हितग्राही काफी समय से अपने व्यवसाय को प्रारंभ करने हेतु एक सुसज्जित वाणिज्यिक परिसर की राह देख रहे थे उनका सपना इस वाणिज्यिक परिसर के माध्यम से पूर्ण हो सकता है। उक्त योजना में दुकानें /आफिस चेम्बर ऑनलाइन पद्धति से पूर्ण पारदर्शिता के साथ विक्रय किये जाएंगे। जो हितग्राही इस वाणिज्यिक काम्पलेक्स तथा आवासीय योजना में दुकानें /आफिस चेम्बर या भवन क्रय करना चाहते हैं वे ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम दिनांक 3.7.2026, आनलाइल बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 6.7.2026 एवं निविदा खोलने की अंतिम तिथि 7.7.2026 है।

# पंडित भातखंडे कला संस्थान के 11 दिवसीय निःशुल्क संगीत से संस्कार शिविर का समापन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गायत्री संगीत कला केंद्र एवं पंडित विष्णु नारायण भातखंडे कला संस्थान द्वारा आयोजित 11 दिवसीय निःशुल्क संगीत से संस्कार प्रशिक्षण शिविर का समापन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। 1 जून से प्रारंभ हुए इस शिविर में बच्चों, युवाओं एवं संगीत प्रेमियों ने संगीत के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास की विविध गतिविधियों में सहभागिता की।

संस्था अध्यक्ष ने प्रत्येक शनिवार संस्कार शाला एवं रविवार यज्ञ एवं सूर्य अर्घ्य को नियमित करने की घोषणा करते हुए आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी, वही प्रशिक्षण दे रहे मानसेवी डॉ. सतीश गोथरवाल ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि संस्कार, साधना और व्यक्तित्व निर्माण का प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया, जिससे नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से जुड़ सके। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सीखी गई अच्छी बातों को बनाए रखने का संकल्प करवाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शांति पाठ किया गया।

### हरिफाटक ब्रिज के नीचे मुर्गा-मुर्गी का अवैध व्यापार का अतिक्रमण हटवाया

# आयुक्त ने निगम के कचरे से निकले कबाड़ की चोरी पकड़ी



### आउटसोर्स वाहन चालक एवं हेल्पर को थाना भिजवाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा गुरूवार को हरिफाटक ब्रिज उन्नयन विकास कार्य को देखने बारह खोली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुर्गा-मुर्गी के अवैध व्यापार के अतिक्रमण को हटवाया और स्थल पर नगर निगम के कचरे से निकले कबाड़ की चोरी भी पकड़ी। मामले में आउट सोर्स वाहन चालक एवं हेल्पर को कार्रवाई के लिए महाकाल थाना भेजा गया था। पुलिस ने दोनों को नसीहतें देकर छोड़ा है।

मिश्रा के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में हरिफाटक ब्रिज के नीचे मुज्जफर खान एवं सलमान द्वारा अवैध रूप से मुर्गी विक्रय एवं कबाड़ का व्यवसाय करते मिले थे। इस दौरान वहां पर कबाड़ विक्रय हेतु खड़े वाहन की जांच की गई जिसमें पाया गया है उक्त कबाड़ निगम द्वारा संग्रहित किये जाने वाले कचरे में से निकाला गया है तथा मौके पर आउटसोर्स एजेंसी अन्तर्गत कार्यरत ड्रायवर एवं हेल्पर पाए गए।

### खड़े रहकर अतिक्रमण हटवाया

आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा स्वयं स्थल पर उपस्थित रह कर अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटवाया। अवैध रूप से कबाड़ बेचने वाले दोनो आउटसोर्स कर्मचारियों एवं दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही जिस वाहन से कबाड़ लाया गया था उसे भी जप्त किये जाने की कार्यवाही तत्काल की गई। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल का कहना था कि दोनों कर्मचारी को थाना लाया गया था। संबंधित मामले में अपराध दर्ज होने की स्थिति नहीं होने के कारण बाद में उन्हें नसीहत देकर छोड़ा गया है।

### सिंहस्थ क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण कर सड़क के दोनों ओर डलेगी पाइप लाइनें

# सीवरेज एवं पानी की लाइन का 380 करोड़ की निविदा रिलीज

## भूमिगत 6 टैंक, सीवरेज पम्पिंग स्टेशन, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट के लिए अलग से जारी होगी निविदाएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र में पक्के निर्माण के लिए स्थाई सिवरेज एवं पानी की लाइन के लिए 700 करोड की निविदा रिलीज की गई है। इसके तहत 50 किलोमीटर क्षेत्र में 67 किलोमीटर सड़क के दोनों और मिलाकर कुल 240 किलोमीटर सीवरेज व 260 किलोमीटर पानी की स्थाई लाइन डाली जाना है। 9 जून मंगलवार को जारी कर दिया गया है।



सिंहस्थ क्षेत्र में नई 50 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसकी लागत लगभग 350 करोड़ रुपए है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण भी किया गया है जिसके तहत किसानों को लगभग 440 करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाना है। 50 किलोमीटर लम्बी नई सड़क में 24 मीटर चौड़ाई तक निर्माण होना है। जिसमे 15 मीटर सड़क और सड़क के दोनों और कुल 9 मीटर में स्थाई सीवरेज व पानी पाइप लाइन डलेगी। इसी प्रकार सिंहस्थ क्षेत्र में पुराने बने हुए 67 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसकी लागत करीब 1000 करोड़ रुपए है। इस पुराने सड़क के दोनों और भी स्थाई सीवरेज व पानी की पाइप लाइन डलना है। इस प्रकार सिंहस्थ क्षेत्र में करीब 120 किलोमीटर सड़क के दोनों और मिलाकर लगभग 240 किलोमीटर सीवर लाइन व 260 किलोमीटर पानी की स्थाई लाइन डलेगी।

### सीवरेज व पानी के लिए जारी हुई निविदा

सिंहस्थ क्षेत्र में 240 किलोमीटर तक स्थाई सीवर लाइन व 260 किलोमीटर तक पानी की स्थाई लाइन डाली जाना है। 9 जून को सीवर व पानी लाइन का टेंडर ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। यहां टेण्डर को तीन अलग-अलग भागों में विभाजित किया गया है। वर्तमान में जारी टेण्डर में जीएसटी सहित लगभग 380 करोड़ रुपए के कार्य होना है। जिसमें आरसीसी का पक्का सीवरेज लाइन डलेगा। इसके लिए जमीन के अंदर 2 मीटर से 9 मीटर गहराई तक खुदाई करना होगी। सीमेन्ट का पक्का आधार बनाना होगा, इसके बाद सीमेंट के ही पाइप डाले जाना है। वहीं पानी के लिए डीआई पाइप लाइन डाली जाना है। इसी कार्य को आगे बढ़ाने के लिए आने वाले समय में 300 करोड़ से ज्यादा राशि के और भी टेण्डर जारी होंगे। जिसमे पानी के लिए भूमिगत 6 बड़े टैंक बनना है। सीवरेज पम्पिंग स्टेशन, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट शामिल रहेंगे।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 13 जून, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर में कैंपस इंटरव्यू आयोजित

**इंदौर।** संचालक कौशल विकास विभाग के निदेशानुसार शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर में गुरुवार को टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। यह आयोजन संयुक्त संचालक श्री सतीश मोरे के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कैंपस इंटरव्यू में इंदौर जिले की विभिन्न संस्थाओं के इलेक्ट्रीशियन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसाय के 100 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कंपनी द्वारा विभिन्न जिलों में तकनीशियन के कुल 50 पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए गए। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 15 हजार से 20 हजार रुपये तक वेतन के साथ अन्य भत्तों का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। कंपनी द्वारा अन्य जिलों के अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन इंटरव्यू की प्रक्रिया आगामी दो दिनों तक जारी रहेगी।

### घर की राह भटकी बालिका को सुरक्षित परिजन से मिलाया

**इंदौर।** इंदौर जिले के थाना चन्दन नगर क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही से घर का रास्ता भटकी 04 वर्षीय बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय रहते की गई सहायता से बालिका सकुशल अपने परिवार तक पहुँच सकी। 10 जून को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना चन्दन नगर क्षेत्र अंतर्गत राजनगर स्थित सांवरिया टेंट हाउस के पास एक छोटी बच्ची अकेली मिली है, जो घर का रास्ता भटक गई है तथा पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल चन्दन नगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया। आरक्षक विपिन रघुवंशी, आरक्षक अनिल ने मौके पर पहुँचकर बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया।

### नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब देंगे विकास को गति

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में जानकारी दी कि प्रदेश को नक्सलवाद का खात्मा केंद्र सरकार द्वारा तय की गई समय-सीमा से पहले करने में सफलता मिली है। प्रदेश के जो क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित थे, वहां विकास की गति तेज की जाएगी। युवाओं के विकास पर विशेष रूप से जोर रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश में बहनों और बेटियों की उन्नति, कृषक कल्याण, नए मेडीकल कॉलेजों के माध्यम से उपचार कार्य को गुणवत्तापूर्ण बनाते हुए बेहतर कार्य हो रहा है। इसी तरह आरोग्य मंदिर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश अग्रसर है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के क्रियान्वयन की तैयारी की गई है।

### 14 जून को योग के ऑनलाइन सत्र में हर नागरिक हो शामिल

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समस्त प्रदेशवासियों से ऑनलाइन योग सत्र में शामिल होने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसने आज सम्पूर्ण विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक वैश्विक जनआंदोलन के रूप में स्थापित हुआ है। योग दिवस 21 जून पर अनेक आयोजनों के साथ ही 14 जून को विशेष ऑनलाइन सत्र आयोजित किया जा रहा है। बीस मिनिट के इस ऑनलाइन सत्र में कोई भी नागरिक हिस्सा ले सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : 2026 के सातवें काउन्ट डाउन के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने 14 जून, 2026 को प्रातः 06:15 बजे से 07:35 बजे तक एक विशेष ऑनलाइन योग सत्र के आयोजन का निर्णय लिया है।

### स्पीड पोस्ट एवं पार्सल सेवाओं के विस्तार के लिए देगा फ्रेंचाइजी

**इंदौर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आमजन तक डाक सेवाओं की पहुंच को अधिक सुलभ, प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से डाक फ्रेंचाइजी योजना संचालित की जा रही है। इसी क्रम में इंदौर डाक मंडल के अंतर्गत स्पीड पोस्ट एवं पार्सल सेवाओं के विस्तार के लिए इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं को फ्रेंचाइजी दी जाएगी। इस डाक फ्रेंचाइजी हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि इच्छुक आवेदक के पास उपयुक्त कार्यस्थल, कंप्यूटर संचालन का मूलभूत ज्ञान तथा ग्राहकों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने की क्षमता होना आवश्यक है। चयनित फ्रेंचाइजी को डाक विभाग द्वारा निर्धारित नियमोंके अनुरूप सेवाएं संचालित करनी होंगी।

### डिफेंस मैन्यूफेक्चरिंग में आत्मनिर्भरता के लिए 16 जून को वर्कशॉप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन एवं डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस प्रोडक्शन द्वारा देश को रक्षा उत्पादों के विनिर्माण एवं इसमें लॉर्ज इकाईयों के साथ-साथ एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा संस्थान, औद्योगिक संगठन आदि की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु 16 जून, 2026 दोपहर 03:00 बजे एम.पी.आई.डी.सी., क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, अतुल्य आईटी पार्क, इंदौर में रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ऐसे उद्योगों से संवाद करेंगे जो या तो रक्षा विनिर्माण में कार्यरत है अथवा इस प्रकार के उत्पादों में कार्यरत है जिनका रक्षा संबंधी कार्यों में उपयोग किया जा सकता है। कार्यशाला में पारंपरिक विनिर्माण के अलावा नवीन नवाचार, टेक्नोलॉजी तथा पुरानी पद्धति को बदलने हेतु सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।

---

खजराना मंदिर के पुजारी और पत्नी की चैट आई सामने

# सब मैनेज हो जाएगा और गणेश जी सब ठीक करेंगे

## डॉ. इंद्रा बोलीं- धोखे से घर से निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के खजराना गणेश मंदिर से जुड़े पुजारी पुनीत भट्ट और उनकी पत्नी डॉ. इंद्रा भट्ट के बीच चल रहे विवाद में अब दोनों की निजी चैट सामने आई है। चैट में डॉ. इंद्रा खुद को घर से निकाले जाने, अपनों से मिले धोखे और मानसिक तनाव का जिक्र करती नजर आ रही हैं, जबकि पुनीत भट्ट उन्हें दिलासा देते हुए लिखते हैं कि गणेश जी सब ठीक करेंगे और सब मैनेज हो जाएगा। डॉ. इंद्रा का आरोप है कि उनके खिलाफ साजिश रचकर झूठा मामला दर्ज कराया गया और बाद में उन्हें घर से बाहर कर दिया गया। वहीं, पुनीत भट्ट का कहना है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए वे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। और गणेश जी सब ठीक करेंगे'





### आधी रात की चैट आई सामने

सामने आई व्हाट्सएप चैट में डॉ. इंद्रा ने पति से पूछा कि क्या उन्हें उनकी याद आती है। जवाब में पुनीत भट्ट ने लिखा, भूलता ही नहीं, मेरे जीवन का सबसे खराब समय चल रहा है।₹ बातचीत के दौरान डॉ. इंद्रा ने लिखा कि उन्हें अपने ही घर से निकाल दिया गया और वह इस सदमे से बाहर नहीं निकल पा रही हैं। इस पर पुनीत भट्ट ने जवाब दिया, ₹गणेश जी सब ठीक करेंगे, अपन ने किसी का कभी बुरा नहीं किया। जब डॉ. इंद्रा ने केस और जेल जाने की आशंका जताई तो पुनीत ने उन्हें आश्वस्त करते हुए लिखा, ₹सब मैनेज हो जाएगा। यह पूरी चैट देर रात 02:49 से 03:04 बजे तक हुई।

### डॉ. इंद्रा ने लगाए साजिश के आरोप

डॉ. इंद्रा का आरोप है कि सितंबर 2025 में उनके खिलाफ बहू के पेट में लात मारने का झूठा आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया गया। उनका कहना है कि पहले परिवार के सदस्य घर छोड़कर चले गए और बाद में उन्हें भी घर से बाहर कर दिया गया। उनके अनुसार 20 सितंबर को पुलिस के जरिए उन्हें थाने बुलाया गया और इसी दौरान पीछे से घर के ताले बदल दिए गए। इसके बाद उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया।

### 'सब ठीक होगा' कहते रहे फिर भेज दिए तलाक के कागज

डॉ. इंद्रा का दावा है कि घर से निकाले जाने के बाद भी 20 से 26 सितंबर तक पुनीत भट्ट लगातार फोन और मैसेज के जरिए उन्हें भरोसा दिलाते रहे कि सब ठीक हो जाएगा। लेकिन 27 सितंबर को अचानक उन्हें आपसी सहमति से तलाक के दस्तावेज भेज दिए गए। डॉ. इंद्रा का आरोप है कि उनसे कहा गया कि यदि वे तलाक के कागजों पर हस्ताक्षर कर देंगी तो उनके खिलाफ दर्ज केस वापस ले लिया जाएगा। डॉ. इंद्रा का कहना है कि जब उन्होंने अप्रैल 2026 में महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई और मामला सार्वजनिक हुआ, तब उनके खिलाफ प्रॉपर्टी और पैसों की मांग करने के आरोप लगाए गए।

---

# मुख्यमंत्री ने की ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों से की मुलाकात

## अतिथियों और प्रतिनिधियों के सम्मान में दिया रात्रि भोज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल कृषि मंत्रियों एवं अन्य विदेशी प्रतिनिधियों एवं अतिथियों से मुलाकात की। उन्होंने अतिथियों का देश के दिल मध्यप्रदेश की औद्योगिक राजधानी इन्दौर में स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी के सम्मान में रात्रि भोज भी दिया। अतिथियों के स्वागत के साथ मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपरा और पर्यटन वैभव को प्रदर्शित करने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना पर आधारित प्रस्तुतियों ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा से मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों की विशेषताओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया।

रात्रि भोज एवं सांस्कृतिक आयोजन में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, सांसद शंकर लालवानी तथा कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष के रीना सतीश मालवीय, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, उषा ठाकुर, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला, सावन सोनकर, प्रताप करोसिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# महिला श्रद्धालुओं के सुरक्षा हेतु होगी महिला स्कॉड की तैनाती

## यातायात व आमजन को कोई असुविधा न हो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर थाना जीवाजीगंज में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

व्यवस्था बनाए रखने और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम पर्व को संपन्न कराने हेतु आयोजन समितियों ने पुलिस की पहल की सराहना कर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शहर में सुदृढ़ कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने थाना परिसर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासनिक और पुलिस समन्वय को मजबूत करते हुए अपर कलेक्टर अत्येन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम लक्ष्मीनारायण गर्ग, डीएसपी (ट्रैफिक) विक्रम सिंह, गौतम अहिरवार, ए ई, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही मोहर्रम आयोजन समितियों के पदाधिकारी, ताजिया कमेटियों के प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी बैठक में सम्मिलित हुए।

बैठक में स्पष्ट किया गया प्रत्येक आयोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। पुलिस प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग और समय-सारणी का पूर्णतः पालन करना होगा ताकि यातायात व आमजन को कोई असुविधा न हो। श्री शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया गया है कि समस्त आयोजन के दौरान ड्रोन के माध्यम से सर्विलेंस तथा आयोजन में शामिल महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु विशेष रूप से महिला स्कॉड की तैनाती सुनिश्चित की जावेगी।

### अपील

बैठक के अंत में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों से अपील की कि पर्व को आपसी समरसता और शांति के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अनियमित्ता सम्बंधी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल अवगत करावें। सभी उपस्थित सदस्यों ने पुलिस प्रशासन को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में हर संभव सहयोग देने का सामूहिक आश्वासन दिया।

---

# टंकण त्रुटि या प्रशासनिक लापरवाही?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के वार्ड क्रमांक 12 की एक दिलचस्प, लेकिन गंभीर स्थिति नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखने को मिली। नगर निगम परिषद के चार वर्ष पूरे होने के बावजूद वेबसाइट पर वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद का नाम ₹सीमा दुबे₹ दर्ज दिखाई दे रहा है, जबकि निर्वाचित पार्षद का सही नाम ₹सीमा डाबी₹ है। डिजिटल युग में जब नगर निगम नागरिक सेवाओं को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने की बात करता है, तब जनप्रतिनिधियों के नाम तक सही ढंग से अपडेट नहीं होना रिकॉर्ड संधारण की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। इस संबंध में पार्षद पति से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि यह केवल ₹टंकण त्रुटि₹ है और इसी कारण वेबसाइट पर नाम गलत दर्ज हो गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित स्तर पर इस विषय की जानकारी दी गई है। हालांकि सवाल यह भी उठता है कि यदि चार वर्षों में इस प्रकार की मूलभूत त्रुटियां भी सुधारी नहीं जा सकीं, तो डिजिटल रिकॉर्ड की विश्वसनीयता को लेकर नागरिकों का भरोसा कैसे मजबूत होगा?

---

नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

# समाज सेवा के संकल्प के साथ जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप का शपथ विधि समारोह संपन्न

## नवगठित टीम ने लिया समाज सेवा का संकल्प, वरिष्ठ समाजसेवियों की उपस्थिति में हुआ पदग्रहण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप का भव्य शपथ विधि और पदारोहण समारोह धूमधाम से संपन्न हो गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में ग्रुप के वर्ष 2026-27 के लिए चुने गए अध्यक्ष अखिल श्वेता नाहर सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन मामा एवं महासचिव मनोहर लोढ़ा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि फेडरेशन के प्रमुख मनीष सुराणा, पूर्व अध्यक्ष विजय ललवानी, संजय छाजेड़, रीजन चेयरमैन विनय बोथरा, डॉ पी सी जैन एवं पूर्व महासचिव शारदा बोथरा थी। कार्यक्रम को शिवपुर तीर्थ सचिव विनोद बावेल, सरपंच नाथू सिंह सेंधव, अधिवक्ता प्रवीण चौधरी, मुकेश गुर्जर, मनोज बोथरा एवंविधायक प्रतिनिधि मुकेश दांगी ने भी संबोधित किया।

समारोह की शुरूआत नवकार मंत्र के सामूहिक जाप और भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। श्वेता नाहर ,सीमा बोथरा , मुक्ता नादेचा,बसंत बडोला, आरती बागरेचा, दीपाली पालरेचा , कीर्ति मेहता ने मंगलाचरण एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

### नई टीम का सेवा संकल्प

शपथ लेने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष अखिल नाहर ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि उनका ग्रुप इस वर्ष समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद, स्वास्थ्य शिविर और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तलाशने पर विशेष ध्यान देगा। उन्होंने पूरे साल किए जाने वाले सामाजिक कार्यों का एक खाका भी सभी के सामने रखा।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जैन सोशल ग्रुप केवल एक मंच नहीं है, बल्कि यह समाज के परिवारों ,युवाओं और महिलाओं को सक्षम बनाने का एक मजबूत जरिया है। उन्होंने नई टीम से शिक्षा, संस्कार , महिला शक्ति करण योग और जन सेवा के क्षेत्र में नए कार्य करने का आह्वान किया।

### अहिंसा यात्रा ने बांधा समां

शपथ ग्रहण के पूर्व नगर में एक अहिंसा यात्रा निकाली गई, अहिंसा परमोधर्म के जोशीले नारों के साथ निकली अहिंसा यात्रा का नगर वासियों, हिंदू, मुस्लिम, बोहरा आदि सभी वर्ग के लोगों ने जगह जगह भव्य स्वागत किया ।

अहिंसा यात्रा के समापन पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शीतल जल प्याऊ, पक्षियों के लिए सकोरे वितरण भी किए ।शपथ समारोह में योग से निरोग हेतु प्रतिदिन योग करने के लिए शीला चावड़ा एवं ज्योति सुराणा ने योग प्रदर्शन योग एवं न्यूरो थेरेपी का महत्व बताया।

---

# इंदौर में सड़क हादसे में रक्षामंत्री के रिश्तेदार की मौत

## एयरलिफ्ट से वाराणसी लाया गया शव, मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में हुए एक सड़क हादसे में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के रिश्तेदार प्रभात सिंह की मौत हो गई। गुरुवार रात शिप्रा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बस की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभात सिंह का शव एयरलिफ्ट कर वाराणसी लाया गया, जहां मणिकर्णिका घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

बलिया के रेवती थाना क्षेत्र स्थित गायघाट गांव निवासी प्रभात सिंह (29) इंदौर गए हुए थे। इसी दौरान गुरुवार रात करीब 11 बजे शिप्रा थाना क्षेत्र में हादसा हुआ, जब वह अपने साथियों के साथ देवास से इंदौर लौट रहे थे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र डॉ. नीरज सिंह का प्रदीप सिंह की भांजी से विवाह हुआ है। 3 महीने पहले प्रभात सिंह परिवार में छठिहार कार्यक्रम में शामिल होने गायघाट घर पर आए थे। प्रभात की शादी 1 साल पहले होटल द ताज दिल्ली में हुई थी। इससे पहले वाराणसी में रिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया था। जानकारी के अनुसार, प्रभात सिंह अपने तीन परिचितों के साथ किसी कार्य से देवास गए थे। देर रात इंदौर लौटते समय शिप्रा क्षेत्र में उन्होंने किसी काम से अपनी कार रोकी। बताया जा रहा है कि जब वह वापस वाहन में बैठने लगे, तभी तेज रफ्तार बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से प्रभात सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं।

---

निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़कों के निरीक्षण में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

# मलबा नहीं हटाया तो नाराज हुए आयुक्त, मौके पर ही लगाई फटकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर






शहर में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल गुरुवार को निमार्णाधीन मास्टर प्लान सड़कों के निरीक्षण पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जहां उन्होंने कार्यों की प्रगति का जायजा लिया, वहीं लापरवाही सामने आने पर संबंधित एजेंसियों को जमकर फटकार भी लगाई।

रानी लक्ष्मी बाई प्रतिमा से नेमिनाथ जैन मंदिर तक बन रही मास्टर प्लान सड़क पर निर्माण सामग्री और मलबा लंबे समय से नहीं हटाए जाने पर आयुक्त गुस्सा हो गए उन्होंने मौके पर मौजूद एजेंसी प्रतिनिधियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि काम में ढिलाई बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तत्काल मलबा हटाकर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। सड़क पर पड़े मलबे के कारण स्थानीय नागरिकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्पष्ट कर दिया कि विकास कार्यों में लापरवाही करने वाली एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आयुक्त ने चंद्रभागा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। यहां कार्यों की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए एजेंसी को तय समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के महत्वपूर्ण विकास कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सभी निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुरक्षा उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े। इस दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री नरेश जायसवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# जादुई जीवन का राज



ज्यादातर आत्मज्ञान प्राप्त लोग कभी लंबी समाधि में नहीं रहे। गौतम बुद्ध कभी भी एक जगह पर बारह साल तक ध्यान में नहीं बैठे। उनके तमाम शिष्य- कई बौद्ध भिक्षु -बरसों तक लंबे ध्यान में बैठे रहे, लेकिन गौतम ने खुद कभी ऐसा नहीं किया, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया होगा कि उनके लिए यह जरूरी नहीं है। आत्मज्ञान प्राप्त करने से पहले उन्होंने सभी आठ तरह की समाधियों का अभ्यास और अनुभव किया था और फिर उन्हें छोड़ भी दिया। उन्होंने कहा, ह्ययह वह नहीं, जो मैं चाहता हूं। बुद्ध जानते थे कि इनसे उन्हें आत्मज्ञान नहीं मिलेगा। समाधि सिर्फ अनुभव के एक ऊंचे स्तर पर चले जाना है और यह संभव है कि आप वहीं अटक जाएं, क्योंकि यह समाधि मौजूदा सच्चाई से कहीं ज्यादा सुंदर होती है।

अगर आपने आत्मज्ञान को जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बना लिया है, तो हर वह चीज, जो आपको एक और कदम उसके पास नहीं ले जाती, आपके लिए बेकार है। मान लीजिए, आप एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर रहे हैं, तब आप अपना एक भी कदम इधर-उधर नहीं ले जाएंगे, क्योंकि आप जानते हैं कि चोटी तक पहुंचने के लिए ऊर्जा के एक-एक कतरे की जरूरत है। अब अगर आपको अपनी ही चेतना से परे जाना है, तो आपके पास जो कुछ है, उसकी हर बूंद की आपको जरूरत पड़ती है और फिर भी वह आपके लिए पूरी नहीं पड़ती है। आप ऐसा कोई काम नहीं करना चाहेंगे, जो आपको मुख्य लक्ष्य से भटका दे। अब आप पूछेंगे कि यह आत्मज्ञान क्या है? ज्यादातर लोग अच्छी सेहत, खुशहाली, पैसा, प्रेम और सफलता की कामना करते हैं। इसे आसान शब्दों में कहें, तो क्या यह सच नहीं है कि आप अपने कंप्यूटर के बारे में जितना ज्यादा जानते हैं, आप उसे उतनी ही अच्छी तरह से इस्तेमाल कर पाते हैं? क्या यह सच नहीं है कि आपके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हर चीज या यंत्र को उसकी पूरी क्षमता से इस्तेमाल कर पाना, उसके बारे में आपकी जानकारी पर निर्भर करता है? क्या यह सच नहीं है कि जो होशियार है और एक्सपर्ट है, वह एक साधारण से यंत्र का भी जादुई तरीके से इस्तेमाल कर सकता है? क्या आपने किसी को प्लास्टिक के टुकड़े पर सवार होकर, जिसे सर्फ बोर्ड कहते हैं, आश्चर्यजनक करतब करते देखा है? वह बस एक प्लास्टिक का टुकड़ा है और उससे वे न जाने क्या-क्या कर दिखाते हैं। आपका उस प्राणी का अनुभव, जिसे आप मैं कहते हैं, जितना गहरा होगा, जीवन उतना ही जादुई होगा। हर संस्कृति में ऐसे कुछ लोग हुए हैं, जिन्होंने कुछ ऐसी चीजें कीं, जिससे लोग चमत्कार में विश्वास करने लगे। ये चमत्कार कुछ और नहीं, बस जीवन की गहराई में पहुंच हासिल होने की वजह से होते हैं।



**सम्पादकीय**

## बच्चे दो से ज्यादा

मध्य प्रदेश में दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले मां-बाप भी अब सरकारी सेवा के योग्य माने जाएंगे। प्रदेश सरकार ने दो बच्चों की बाध्यता वाली नीति को समाप्त कर दिया है। आज से दो दशक पहले आबादी जब ज्यादा तेजी से बढ़ रही थी, तब अनेक उपायों से परिवार नियोजन को बल दिया जा रहा था। मध्य प्रदेश ने साल 2001 में यह नियम बनाया था कि दो से अधिक जीवित बच्चों वाले अभ्यर्थी सरकारी सेवा में सीधी भर्ती और विभागीय नियुक्तियों के लिए अपात्र माने जाएंगे। यह कड़ा नियम न केवल सरकारी नौकरी चाहने वाले उम्मीदवारों, बल्कि सरकारी सेवा में लगे लोगों पर भी लागू किया गया था। हम दो हमारे दो की नीति के तहत लिया गया वह फैसला बदलते दौर के साथ पलट दिया गया है। इस नीतिगत परिवर्तन में सावधानीपूर्वक यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोग कहीं परिवार नियोजन से तौबा न करने लगें। कम बच्चे पैदा करने की सलाह पुरानी है, पर जब ज्यादातर लोगों ने इसे नहीं माना था, तब दो बच्चों की सीमा वाला नियम लाया गया था। दो बच्चों वाला यह नियम लगभग पूरे देश में लागू हुआ और इससे निश्चित ही प्रजनन दर घटाने में सहूलियत हुई है।

अब तीसरा बच्चा पैदा करने वाले किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के प्रावधान का अंत होने जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार ने ऐसा क्यों किया? दरअसल, इस प्रदेश में प्रजनन दर घटकर 2.0 रह गई है। मतलब, एक महिला प्रदेश में औसतन दो बच्चे ही पैदा कर रही है। जब प्रजनन दर 2.1 से कम हो जाती है, तब आबादी के घटने का क्रम शुरू हो जाता है। गौर करने की बात है, मध्य प्रदेश ने दो बच्चा नीति तब लागू की थी, जब प्रदेश में एक महिला औसतन 3.9 बच्चे पैदा कर रही थी। साफ है, प्रदेश में प्रजनन दर का कम होना परिवार नियोजन की नीतियों की सफलता है। हालांकि, इस सफलता को अब कई विशेषज्ञ विफलता मानने लगे हैं। अभी आंध्र प्रदेश सरकार ने भी परिवार नियोजन संबंधी अपनी नीतियों को बदला है। घटते और वृद्ध होते कार्यबल के कारण आसन्न खतरे के प्रति सजग आंध्र प्रदेश सरकार जनसंख्या नियंत्रण से हटकर जनसंख्या संवर्द्धन की ओर बढ़ चली है। वहां सरकार ने घोषणा की है- बच्चे ही धन हैं। वहां ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों को आर्थिक मदद दी जाएगी। आंध्र पदेश की सरकार ने ऐसा इसलिए किया है, क्योंकि वहां एक महिला औसतन 1.5 बच्चे पैदा कर रही है।

**दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम**

## विकसित भारत का लक्ष्य व मोदी सरकार में सामाजिक-आर्थिक न्याय



भूपेन्द्र भारती
(दैनिक अवन्तिका)

पिछले 12 वर्षों में आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में भारत को विकसित होते देखना उत्साहवर्धक है। यह नरेंद्र मोदी के कुशल प्रशासन और उनके दृढ़ संकल्पों से ही संभव हो पाया है। कहते हैं कि परिवर्तन एक क्रमिक नियम है और अगर हम इस परिवर्तन के पथ पर बढ़ेंगे तो अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। माननीय प्रधानमंत्री का यह मानना है कि देश के युवा अगर अपनी क्षमताओं और कर्तव्यों का निर्वहन करना आरम्भ करें तो देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में तीव्र गति से उभर सकता है। सबसे बड़ी बात यह कि मोदी सरकार ने भारत की 140 करोड़ जनसंख्या में यह विश्वास पैदा करने में सफलता पाई कि समाज को भी देश के प्रति कुछ त्याग करना आवश्यक है तथा देश को आगे बढ़ने के लिए हमें कुछ कड़वे तथा कठोर नियम कानूनों को मानना पड़ेगा। इसके उदाहरण कोविड वैश्विक महामारी से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध व पीछले तीन माह से खाड़ी युद्ध के संकट में देख रहे हैं। तब कहीं कोई भी सरकार सामाजिक आर्थिक न्याय पूर्णतः कर सकती हैं।

केंद्र की मोदी सरकार ने पूर्ववर्ती गैर-भाजपा सरकारों की तरह भारत को केवल एक भूमि का टुकड़ा समझकर अपने राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शासन नहीं किया है, अपितु भावनात्मक स्तर पर जाकर भारत को सत्य स्वरूप भारतमाता मानकर उसकी देहात्मा के रक्षण, पोषण और संवर्धन का कार्य किया है। यहां देह का अर्थ है- भारत के हर भूगोल तक सामाजिक, बुनियादी ढांचा और आर्थिक विकास की गंगा बहाना एवं आत्मा से तात्पर्य है - भारत के मूल्यों की पुनर्स्थापना एवं सहस्त्र वर्षों के गुलामी की कालिमा को मिटाकर अपने सांस्कृतिक मान- बिंदुओं, भाषाओं, त्योहारों, लोक-परंपराओं, शिल्प, कला आदि का संवर्धन कर विश्व में स्थापित करना।

मोदी सरकार ने डिजिटल पहलों, तकनीकी प्रगति, सामाजिक कल्याण योजनाओं, वित्तीय समावेशन, स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ वातावरण, रक्षा क्षमता, स्वदेशी शिक्षा और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के प्रोत्साहन पर महत्व दिया है। प्रधान मंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी कई योजनाएं सामाजिक असमानताओं को कम करने और गरीबी रेखा से ऊपर उठने के लक्ष्य के साथ आरंभ की गई हैं। जिसने दीनदयाल उपाध्यायजी के अंत्योदय सिद्धांत को धरातल पर वास्तव में उतारा। विकास को राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति के लिए सुनिश्चित किया। भ्रष्टाचार पर बड़े स्तर पर अंकुश लगाकर विकसित भारत @2047 की नींव रख दी है।

मोदीजी ने अपने कई भाषणों में कहा भी है, भारत एक युवा राष्ट्र है, वर्तमान में इसकी 65% आबादी की आयु 35 वर्ष से कम है। युवाओं के पास राष्ट्र को बदलने की, उसे एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभारने की क्षमता होती है। प्रधान सेवक ने समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के बीज बोए हैं, जिसे विकसित राष्ट्र रूपी वृक्ष बनाने के लिए हर भारतीय को कुछ समय देना होगा। विगत वर्षों में प्रधानमंत्री ने लालकिले से देश के युवाओं से आहान किया कि देश से करीब एक हजार युवा गैरराजनैतिक परिवारों से राजनीति में आये और देश की राजनीतिक व्यवस्था में भागीदार बने। इसलिए हमारे प्रधान सेवक ने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए देश में एक ह्यविकसित भारत 2047ह्व के माध्यम से योजनाओं एवं उसके क्रियान्वयन के लिए तथा इन योजनाओ तथा इनके क्रियान्वयन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल की है। इसका उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जहाँ युवा अपनी क्षमताओं और कौशल के माध्यम से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। विकसित भारत @2047ः युवाओं की आवाज को विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए शुरू किया गया, जो भारत के भाग्य में दृढ़ विश्वास, अटूट समर्पण और लोगों, विशेष रूप से युवाओं की विशाल क्षमता, राष्ट्र के प्रति स्व को बोध और प्रतिभा की गहन मांग करता है। विकसित भारत, एक दूरदर्शी अवधारणा का प्रतिनिधित्व करता है जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र के व्यापक परिवर्तन की कल्पना करता है। इस दृष्टिकोण में आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समावेशिता, तकनीकी उन्नति, पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक समानता-न्याय और वैश्विक नेतृत्व शामिल है।

यदि मोदी सरकार 12 वर्षों का सिंहावलोकन किया जाए तो हम पाएँगे कि नोटबंदी, सर्जिकल स्ट्राईक, कोविड -19 लॉकडाउन, 370 अनुच्छेद समाप्त करना, वैश्विक आर्थिक संकट व खाड़ी देशों में तेल संकट से उपजी चुनौती में भी जैसे अत्यधिक कड़े फैसले लेते हुए मोदीजी ने इसे किसी मंत्रालय अथवा प्रशासन पर आरोपित न करते हुए स्वयं इसकी जिम्मेदारी लेते हुए देश को संबोधित किया। किसी भी बड़े या कड़े फैसले में राष्ट्र को संबोधित कर उसकी घोषणा स्वयं करने के साथ श्री नरेंद्र मोदी ने यह साबित किया है कि यह फैसला उनका है तथा सही या गलत होने की जिम्मेदारी भी सिर्फ उनकी है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर में सेना को पूरी छूट देना। राष्ट्र रक्षा की प्राथमिकता को ध्यान रखा।

मोदी सरकार ने पहले की सरकारों के बजाय यह सुनिश्चित करने का अटल प्रयास किया है कि एक विकसित भारत की अर्थव्यवस्था लचीली और मजबूत होनी चाहिए जो अपने सभी नागरिकों को अवसर और उच्च जीवन स्तर प्रदान कर सके। अर्थव्यवस्था को उद्यमिता, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता के आधार पर 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होना चाहिए। भारत की जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के लिए एक विकसित भारत में स्वच्छ और हरित वातावरण होना चाहिए। पर्यावरण को पुनर्स्थापन, संरक्षण और लचीलेपन के आधार पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सक्षम होना चाहिए। एक विकसित भारत में एक समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज होना चाहिए जो अपने सभी नागरिकों की गरिमा और कल्याण सुनिश्चित करे। समाज को न्याय, समानता और विविधता पर आधारित भारत की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और उसका सम्मान करने में सक्षम होना चाहिए। वहीं एक विकसित भारत में सुदृढ़ नीतियों और जवाबदेही के साथ चुस्त शासन होना चाहिए। एक सुशासन प्रणाली वह है जहाँ विश्वसनीय डेटा एकत्र करने, सुधार के लिए क्षेत्रों का विश्लेषण करने और टीमवर्क, चिंतन, सहानुभूति और परामर्श के आधार पर देश को बेहतर बनाने के लिए तेजी से कार्य करने का प्रावधान हो।

## सीट नं. 71, वह भी आरएएसी, न बाबा न!

गाड़ी छूटने में अभी पंद्रह मिनट बाकी थे और मैं प्लेटफार्म पर ऐसे टहल रहा था जैसे बकरे को ईद से पहले आखिरी बार टहलाया जाता है। जेब से टिकट निकालकर मैंने तीसरी बार देखा। नंबर वही, बोगी वही, और वह कुख्यात कोना भी वही था जहाँ पहुँचकर आदमी को अपने पूर्वजों के कर्मों पर शक होने लगता है। रेल विभाग ने शायद ब्रह्मांड के सारे बचे-खुचे पापों की ईएमआई वसूलने के लिए उस जगह सीट नं. 71 साइड लोअर का आविष्कार किया होगा।

मैं जब वहाँ पहुँचा तो लगा किसी ने इंसानों के लिए नहीं, कबाड़ की बोरियों के लिए सीट बनाई है। आधी जगह पर एक राजस्थानी भाई साहब पहले से पालथी मारे जमे थे। मूँछें ऐसी कड़क जैसे दो नेवले आपस में कुश्ती लड़ने की पोजीशन में हों। मुझे देखते ही कबीलाई अंदाज में बोले, ₹आओ सा, बैठ जाओ। यहाँ आदमी नहीं बैठता, आदमी की केवल उम्मीद बैठती है।₹ मैं अभी इस भारी-भरकम फिलॉसफी पर विचार ही कर रहा था कि एक तमिल युवक भी वहाँ आ टपका। उसने पहले सीट देखी, फिर हमें देखा, फिर सीधे ऊपर वाले को देखा और रोनी सूरत बनाकर बोला, अय्यो, हम किधर बैठेगा। तभी पीछे का जादुई दरवाजा खुला। एक झोंका आया। फिर दूसरा आया। फिर तीसरा आया।

तीनों झोंकों ने मिलकर मेरे जीवन की सारी पुरानी यादों का दूरदर्शन पर लाइव री-टेलीकास्ट शुरू कर दिया। मुझे पहली कक्षा की वो मारकुटानी मास्टरनी याद आ गई। गाँव का वो कीचड़ भरा पोखरा याद आ गया। बचपन में नाली में खोया हुआ लड्डू याद आ गया। इतनी तीव्र और भयानक अनुभूति तो ऋषियों को घोर तपस्या में भी न हुई होगी। राजस्थानी भाई ने तुरंत जेब से रूमाल निकाला, उसे डिटॉल की तरह नाक पर बाँधा और बोले, म्हारे यहाँ ऊँट के तबेले में भी इतनी आत्मीयता और खुशबू नहीं मिलती सा! तमिल युवक तड़पकर बोला, हमारे गाँव में मछली बाजार है भाई, पर वहाँ भी हवा अपनी मयार्दा में रहती है।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 जून 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:36 सूर्यास्त 19:09
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 16:08 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - कृतिका 25:17 उपरांत रोहिणी
योग - सुकर्मा 17:28 उपरांत धृति
करण - वणिज
चन्द्रमा - मेष में है। 09:24 पर वृषभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 26 तारिख

**मेष-** कारोबार-व्यवसाय आज ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। धन का व्यय होगा। नौकरी में प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें।

**कर्क-** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**सिंह-** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए।

**कन्या-** खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला-** व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। कुसंगति से हानि होगी।

**वृश्चिक-** वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

**धनु-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मकर-** धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**कुंभ-** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

**कविता**

## जंग का चक्रव्यूहः प्रवेश आसान, बाहर निकलना मुश्किल



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

महाभारत का वह प्रसंग सभी भारतीय को याद होगा जिसमें युवा अभिमन्यु ने कहा था कि उन्हें चक्रव्यूह में प्रवेश करना तो आता है, लेकिन उससे बाहर निकलने का मार्ग वे नहीं जानते। आज का वैश्विक परिदृश्य भी इसी कड़वी सच्चाई से जूझ रहा है। 21वीं सदी के आधुनिक दौर में कुछ राष्ट्र और उनके सर्वोच्च नेता राजनीतिक, भौगोलिक और रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं के वशीभूत होकर युद्ध के मैदान में उतर तो जाते हैं, लेकिन कुछ ही समय में वे खुद को एक ऐसे अंतहीन दलदल में पाते हैं जहां से गरिमा के साथ कदम पीछे खींचना नामुमकिन नहीं तो मुश्किल अवश्य हो जाता है। हालिया वैश्विक घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद, युद्ध को शुरू करना जितना सरल है, उसे समेटना उतना ही पेचीदा और अनिश्चित है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध की चिनगारी सुलगाने वाले अक्सर इस मुगालते में रहते हैं कि वे मकसद पूरा होने पर अपनी शर्तों पर और अपनी मर्जी के समय पर इसे खत्म कर लेंगे। लेकिन असलियत इसके ठीक उलट रही है। वियतनाम युद्ध इसका एक बड़ा ऐतिहासिक प्रमाण है, जहाँ दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका एक कम्युनिस्ट सरकार को हटाने के उद्देश्य से उतरी थी। लगभग 20 साल (1955 से 1975) तक खिंचे इस युद्ध में अमेरिका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन अंततः 50,000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की जान गंवाने और देश के भीतर भारी जन-आक्रोश झेलने के बाद अमेरिका को वहां से मजबूरन पैर खींचने पड़े। ठीक ऐसा ही भंवर सोवियत संघ के लिए 1979 में अफगानिस्तान में बना, जिसने सोवियत अर्थव्यवस्था और रूतबे को इस कदर खोखला कर दिया कि अंततः उसका विघटन ही हो गया।

इस 'अफगान जाल' की कड़वाहट से इतिहास ने कोई सबक नहीं सीखा। साल 2001 में 9/11 के आतंकी हमलों के बाद अमेरिका उसी अफगानिस्तान में आतंकवाद को खत्म करने और एक त्वरित जीत के भरोसे दाखिल हुआ। तत्कालीन रक्षा सचिव ने तो कुछ ही महीनों में युद्ध खत्म होने की घोषणा भी कर दी थी। लेकिन यह अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा युद्ध (लगभग 19 साल 10 महीने) बन गया। अंततः अगस्त 2021 में, अरबों डॉलर फूंकने और हजारों जान गंवाने के बाद, अमेरिका को बेहद अफरातफरी और अपमानजनक स्थिति में अपना युद्धक समान छोड़कर वहां से निकलना पड़ा, और अफगानिस्तान वापस उसी तालिबान के हाथ में चला गया जिसे हटाने अमेरिका आया था।

यह 'क्विक विक्ट्री' यानी त्वरित जीत का भ्रम आज के दौर में भी साफ देखा जा सकता है। जब फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया, तो मॉस्को का आकलन था कि यह कुछ दिनों या हफ्तों का एक सीमित सैन्य अभियान होगा। लेकिन आज सालों बाद भी यह युद्ध एक अंतहीन गतिरोध में बदल चुका है, जहाँ दोनों पक्षों को भारी जन-धन की हानि हो चुकी है, पर राजनीतिक मजबूरियों के कारण कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। ठीक इसी तरह, ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच भड़के सीधे सैन्य टकराव को भी रणनीतिकारों ने एक 'सीमित और त्वरित' कार्रवाई माना था। धारणा यह थी कि सटीक हवाई हमलों से ईरान को झुका दिया जाएगा, वहां सत्ता परिवर्तन कर दिया जाएगा परंतु इसके जवाब में उपजे क्षेत्रीय संकट, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी और छद्म युद्धों के विस्तार ने महाशक्तियों को एक नए रणनीतिक भंवर में फंसा दिया है। इस वैश्विक चक्रव्यूह के पीछे कई गहरे कारण काम करते हैं। पहला है 'संक कॉस्ट फैलेसी' यानी प्रतिष्ठा का दांव, अर्थात जब सैकड़ों सैनिकों की जान चली जाती है और अरबों डॉलर खर्च हो जाते हैं, तो बिना किसी ठोस 'जीत' के पीछे हटना किसी भी राष्ट्रध्यक्ष के लिए राजनीतिक आत्महत्या जैसा हो जाता है।

## स्तनपान कराने वाली मां सेहत का रखें विशेष ध्यान

क्या आपने अभी-अभी एक बच्चे को जन्म दिया है? स्तनपान के संबंध में आपके कुछ प्रश्न हैं और अपने बच्चे के लिए अच्छी डाइट सुनिश्चित करने के लिए आपको क्या करना चाहिए? क्या मैं जो खाऊंगी उसका असर मेरे बच्चे पर पड़ेगा?, पर्याप्त स्तनदूध सुनिश्चित करने के लिए मुझे क्या खाना चाहिए?, स्तनपान कराते समय मुझे क्या परहेज करना चाहिए? आप जो भी खाती हैं उसका आपके बच्चे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

अपने नवजात शिशु को स्तनपान कराते समय, आपकी भूख का स्तर हमेशा हाई लेवल पर रहने की संभावना है, क्योंकि स्तन के दूध का उत्पादन होने से खाने की मांग बढ़ सकती है, अतिरिक्त कैलोरी, प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों की जरूरत होती है। यह सिफारिस की जाती है कि आप प्रति दिन अतिरिक्त 500 कैलोरी का सेवन करें। सैल्मन और सार्डिन जैसी मछली या शाकाहारियों, अखरोट और अलसी के बीज खाने से ओमेगा 3 फैटी एसिड (डीएचए) की अच्छी मात्रा मिलेगी जो आपके बच्चे के न्यूरोडेवलपमेंट और दृष्टि के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व हैं।

पूरे दिन हाइड्रेट रहें। मां के दूध में 87 प्रतिशत पानी होता है जो बच्चे की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त होता है।



स्तनपान से आप डिहाइड्रेट महसूस कर सकते हैं, भरपूर मात्रा में पानी, ताजे फलों का रस, नारियल पानी, छाछ, दूध आदि पीते रहें। बहुत कम तरल पदार्थ लेने से दूध उत्पादन में कमी आ सकती है।

इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि दूध पीने से अधिक स्तनपान सुनिश्चित होगा। जबकि हां, दूध एक अच्छे स्त्रोत या प्रोटीन और कैल्शियम के रूप में कार्य करता है, अगर आप दूध पीने से कतराते हैं, तो आप अन्य लैक्टोजेनिक फूड्स के बावजूद पर्याप्त स्तनपान सुनिश्चित कर सकते हैं। कैल्शियम से भरपूर फूड्स का सेवन करना महत्वपूर्ण है। दूध और डेयरी के अलावा हरी पत्तेदार सब्जियां और फलियां कैल्शियम का अच्छा स्त्रोत हैं।

एक आम मिथ है कि स्तनपान आपको वजन कम करने में मदद करता है। हालांकि यह महिलाओं के एक बड़े प्रतिशत पर लागू होता है, लेकिन यह यूरिवर्सल रूप से सच नहीं है। स्तनपान कराने वाली मां में हेल्दी वेट के लिए भी मध्यम मात्रा में व्यायाम की जरूरत होगी और उन अतिरिक्त आवश्यक कैलोरी को बड़े, भारी भागों के बजाय छोटे भागों में रखना होगा। थोड़ी मात्रा में मेथी के बीजों को रात भर पानी में भिगोकर खाली पेट सेवन किया जाता है, हालांकि यह विशेष रूप से स्वादिष्ट नहीं है, कुछ ही दिनों में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए अद्भुत काम कर सकता है।

### स्तनपान कराने के दौरान क्या न करें

शराब, ब्रेस्टमिल्क की आपूर्ति में कमी का कारण बनने के अलावा, नींद के पैटर्न में बदलाव कर सकती है और बच्चे के विकास में बाधा उत्पन्न कर सकती है, इसलिए इससे बचा जाना चाहिए।

कैफीन, कुछ हद तक स्तनपान में थोड़ी कमी का कारण बन सकता है और सबसे अच्छा है कि इसके सेवन से बचें या कम करें, खासकर अगर आपके बच्चे को सोने में परेशानी हो रही है।

**धर्म-आस्था**

## नाम में नहीं, भाव में सम्मान : भारतीय संस्कृति की एक जीवंत परंपरा



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति केवल पूजा-पाठ, मंदिरों और त्योहारों का नाम नहीं है। यह जीवन जीने की एक ऐसी पद्धति है, जिसमें व्यवहार, भाषा, संबोधन और संबंधों के माध्यम से भी धर्म और मयार्दा का पालन किया जाता है। हमारे यहां सम्मान केवल प्रणाम करने से नहीं, बल्कि बोलने के ढंग से भी प्रकट होता है। यही कारण है कि भारतीय परिवार व्यवस्था में अनेक ऐसी परंपराएं विकसित हुईं, जिनका उद्देश्य व्यक्ति नहीं, बल्कि संबंधों का सम्मान करना था। पति का नाम न लेना भी ऐसी ही एक परंपरा है, जो सदियों से भारतीय समाज में श्रद्धा, मयार्दा और आदर का प्रतीक रही है।

आज के समय में जब आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन खोजने की चर्चा होती है, तब यह प्रश्न अक्सर उठता है कि आखिर पति का नाम न लेने की परंपरा कब से चली आ रही है? क्या यह केवल सामाजिक व्यवस्था थी या इसके पीछे कोई सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आधार भी था?

यदि हम भारतीय धार्मिक ग्रंथों की ओर देखें तो इसका उत्तर स्पष्ट रूप से मिलता है। रामचरितमानस में एक अत्यंत सुंदर प्रसंग आता है। वनवास के दौरान जब ऋषि-पत्नियां माता सीता से पूछती हैं कि उनके साथ चल रहे दोनों पुरुष कौन हैं, तब सीता जी उत्तर देती हैं-

सहज सुभाय सुभग तनु गोरे,
नाम लखन लघु देवर मोरे।

अर्थात यह मेरे छोटे देवर लक्ष्मण हैं।

इसके बाद जब श्रीराम का परिचय देने की बारी आती है, तब सीता जी सीधे उनका नाम नहीं लेतीं। तुलसीदास जी लिखते हैं-

बहुरि बदन विधु अंचल ढापी,
पिय तनु चितइ भौंह करि बांकी।
खंजन मंजु तिरीछे नयननि,
निज पति कहेउ तिन्हहि सिय सयननि।₹

अर्थात सीता जी ने अपने नेत्रों और संकेतों से बता दिया कि ये मेरे पति हैं।

यह प्रसंग केवल काव्य सौंदर्य नहीं है। यह उस समय की सामाजिक और सांस्कृतिक मयार्दाओं का परिचायक भी है। इससे स्पष्ट होता है कि पति का नाम न लेना कोई हाल की परंपरा नहीं, बल्कि रामायण काल से चली आ रही भारतीय जीवन शैली का हिस्सा रहा है। वास्तव में भारतीय संस्कृति में नाम को केवल पहचान नहीं माना गया। नाम के साथ सम्मान, प्रतिष्ठा और संबंधों की गरिमा भी जुड़ी हुई थी। यही कारण है कि बहुएं अपने ससुर का नाम नहीं लेती थीं, छोटे भाई अपने बड़े भाई का नाम लेने से बचते थे और अनेक स्थानों पर परिवार के वरिष्ठ सदस्यों को उनके रिश्ते के संबोधन से ही पुकारा जाता था।

आज भी देश के अनेक परिवारों में बहुएं अपने ससुर, जेठ, काका ससुर और अन्य वरिष्ठ रिश्तेदारों का नाम नहीं लेतीं। यह किसी भय का परिणाम नहीं, बल्कि सम्मान की परंपरा का हिस्सा है। कई घरों में तो पुरुष भी अपने बड़े भाई या चाचा का नाम लेने के बजाय भैया, दादा, काका या अन्य संबोधन का प्रयोग करते हैं। धर्मशास्त्रों में भी वाणी की मयार्दा को विशेष महत्व दिया गया है। मनुस्मृति से लेकर महाभारत और रामायण तक अनेक स्थानों पर यह संदेश मिलता है कि व्यक्ति का चरित्र उसके व्यवहार और भाषा से पहचाना जाता है। शब्द केवल ध्वनि नहीं होते, वे संस्कारों के वाहक भी होते हैं।

भारतीय दर्शन में संबंधों को केवल सामाजिक अनुबंध नहीं माना गया। पति-पत्नी का संबंध तो सात जन्मों के बंधन और आध्यात्मिक सहभागिता का प्रतीक माना गया है। इसलिए अनेक क्षेत्रों में पत्नी द्वारा पति का नाम न लेना श्रद्धा और आदर की अभिव्यक्ति समझा गया। हालांकि यह भी सत्य है कि समय के साथ समाज बदलता है। आज शिक्षा, शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने संबोधन के तौर-तरीकों को प्रभावित किया है। नई पीढ़ी के अनेक दंपती एक-दूसरे का नाम लेकर संबोधित करते हैं और इसे सामान्य व्यवहार माना जाता है। इसमें भी कोई असामान्यता नहीं है।

धर्म का मूल उद्देश्य बाहरी व्यवहार को थोपना नहीं, बल्कि भीतर सम्मान की भावना जागृत करना है। यदि कोई पत्नी अपने पति का नाम लेकर भी पूर्ण सम्मान और प्रेम के साथ व्यवहार करती है, तो वह भी उतना ही मूल्यवान है। वहीं यदि कोई परंपरा का पालन करते हुए नाम नहीं लेती और उसमें श्रद्धा का भाव है, तो वह भी सम्माननीय है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,48,600 रवा- 1,48,500 चांदी- टंच- 2,42,200 पाट- 2,41,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



अकोदिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर केस दज

## 'बिना अनुमति प्रदर्शन, पुतला दहन पर 11 नामजद सहित अन्य पर कार्रवाई

**अकोदिया।** अकोदिया में कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन कथित रूप से निरस्त किए जाने के विरोध में हुए प्रदर्शन के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। बिना प्रशासनिक अनुमति धरना-प्रदर्शन और जुलूस निकालने के आरोप में 11 नामजद नेताओं समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार दोपहर महाराणा प्रताप चौराहे पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे। इस दौरान चुनाव आयोग, केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों के सड़क पर बैठने से कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने इलेक्शन कमिश्नर का पुतला जलाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल वाटर कैनन की मदद से आग बुझा दी। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था और वाटर कैनन वाहन भी तैयार रखा गया था। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के उद्देश्य से निरस्त किया गया है। उन्होंने सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप भी लगाया। पुलिस के अनुसार प्रदर्शन 11 जून को बस स्टैंड चौराहा क्षेत्र में सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:10 बजे के बीच किया गया। यह क्षेत्र में लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन था। इसी आधार पर अकोदिया मंडी थाना पुलिस ने कार्रवाई की।

नवविवाहिता से 12 लाख रुपए दहेज मांगने का आरोप

## पति, सास-ससुर पर केस दर्ज; पीड़िता बोलीं-पिता को गालियां देकर घर से भगाया



**अकोदिया।** अकोदिया के सलसलाई थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। ग्राम बोडा निवासी 20 वर्षीय नवविवाहिता वंदना ने अपने पति, सास और ससुर पर 12 लाख रुपये दहेज की मांग करने और मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, वंदना की शादी 10 मार्च 2026 को रवि राठौर से हुई थी। पीड़िता का कहना है कि शादी के शुरूआती कुछ दिन ठीक रहे, लेकिन इसके बाद पति रवि राठौर, सास रामकला बाई और ससुर मुकेश राठौर का व्यवहार बदल गया। महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग शादी में हुए खर्च का हवाला देकर उससे मायके से 12 लाख रुपये नकद लाने की मांग करने लगे। जब उसने अपनी पारिवारिक स्थिति का हवाला देकर असमर्थता जताई, तो उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा और लगातार ताने दिए गए। वंदना ने शिकायत में बताया कि 7 जून 2026 को जब उसके पिता उसे ससुराल छोड़ने गए, तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। आरोप है कि उन्हें गालियां देकर घर से भगा दिया गया और कहा गया कि जब तक 12 लाख रुपये नहीं लाए जाएंगे, तब तक वंदना को ससुराल में नहीं रखा जाएगा। सलसलाई थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल रामबहादुर केथवास को सौंपी गई है।

## गुनिया नदी के पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण परियोजना का हुआ विस्तृत निरीक्षण

**गुना।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग की राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी), नई दिल्ली की प्रोजेक्ट ऑफिसर डॉ. कीर्ति वर्मा ने आज गुना जिले में प्रस्तावित गुनिया नदी पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण परियोजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तथा विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व डॉ. वर्मा ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल से मुलाकात की। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। डॉ. वर्मा ने गुनिया नदी के अंतर्गत सिंगवासा तालाब, कैंट मुक्तिधाम के पीछे का क्षेत्र, कालापाठा, बांसखेड़ी, बड़ा पुल, हाट रोड रपटा, शीतला माता मंदिर तथा सकतपुर स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नदी की वर्तमान स्थिति, जल प्रवाह, प्रदूषण नियंत्रण एवं पुनर्जीवन की संभावनाओं का अवलोकन किया। सीवरेज एवं जल उपचार व्यवस्थाओं की ली जानकारी निरीक्षण के दौरान डॉ. वर्मा ने नगर पालिका अधिकारियों से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), सीवरेज नेटवर्क तथा नदी में प्रवाहित होने वाले जल के उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नदी संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए।


दैनिक अवन्तिका

अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777


देवास जिला अस्पताल को भरना होगा 50 हजार जुर्माना

# नगर निगम को कचरे में मेडिकल वेस्ट के साथ संक्रमित सुइयां मिली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिला अस्पताल पर नगर निगम 50 हजार रुपए जुर्माना लगाएगा। जिला अस्पताल ने चेतावनी के बाद भी मेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे के साथ फेंक दिया। अस्पताल प्रबंधन ने संक्रमित मेडिकल कचरे को सामान्य कचरे के साथ मिलाकर फेंका। शुक्रवार सुबह नगर निगम की टीम के औचक निरीक्षण के दौरान इसका खुलासा हुआ। जांच में संक्रमित रक्त, इस्तेमाल की गई सुइयां और अन्य बायोमेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे में मिला।



मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने बताया कि कचरा संग्रहण के दौरान टीम को गड़बड़ी की आशंका हुई थी। इसके बाद मौके पर ही कचरा खाली करवाकर जांच की गई। जांच में इस्तेमाल की गई सुइयां, संक्रमित सामग्री और अन्य बायोमेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे के साथ मिला पाया गया। यह बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियमों का सीधा उल्लंघन है।

### पहले भी दी जा चुकी है चेतावनी

रवि गोयनार ने बताया कि जिला अस्पताल को पहले भी कई बार इस संबंध में चेतावनी दी जा चुकी है। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आया। पूर्व में भी इसी तरह की लापरवाही के लिए अस्पताल पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था, जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खतरे की आशंका

इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संक्रमित कचरे को सामान्य कचरे में मिलाना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को भी गंभीर खतरा हो सकता है। बार-बार चेतावनी और कार्रवाई के बावजूद इस तरह की लापरवाही चिंताजनक मानी जा रही है।

### अब 50 हजार रुपये का नया जुर्माना

नगर निगम ने जिला अस्पताल पर 50 हजार रुपये का नया जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निगम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी जुर्माने का भुगतान नहीं किया गया, तो कचरा संग्रहण वाहन जिला अस्पताल से कचरा उठाना बंद कर देगा।

बदनावर-उज्जैन फोरलेन से जल निकासी बंद

# गलत डिजाइन से खेतों में बाढ़ जैसे हालात अंडरपास निर्माण में देरी पर किसानों में आक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

बदनावर-उज्जैन फोरलेन निर्माण के कारण जल निकासी और आवागमन की समस्या से जूझ रहे बामनसुता, छोटा कठोडिया, पालीबड़ौदा और जावरिया गांवों के ग्रामीणों ने एसडीएम प्रियंका मिमरोट को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने समस्याओं का जल्द समाधान न होने पर 10 दिनों के भीतर सामूहिक आमरण अनशन और उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



### समयसीमा बीतने के बाद भी काम अधूरा

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण की वजह से क्षेत्र का मुख्य संपर्क मार्ग और पानी निकासी के रास्ते पूरी तरह बंद हो गए हैं। कलेक्टर की ग्राम सभा के निर्णय के अनुसार, अप्रैल 2026 तक अंडरपास और जल निकासी का काम पूरा किया जाना था। हालांकि, यह तय समयसीमा बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई ठोस काम शुरू नहीं हो सका है।

ज्ञापन के मुताबिक, पानी निकासी के लिए बनाए गए करीब 16 फीट चौड़े दो बॉक्स तकनीकी रूप से सही नहीं हैं। चौड़ाई ज्यादा होने के कारण बारिश का पानी तेज रफ्तार से बहकर आसपास के खेतों में फैल जाता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। किसानों का आरोप है कि इससे उनकी बोई गई फसलें, बीज और कृषि भूमि खराब हो रही है।

### पानी का रुख मोड़ने की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्वीकृत अंडरपास का निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराया जाए, ताकि लोगों का आना-जाना आसान हो सके। इसके साथ ही जल निकासी के बॉक्सों के डिजाइन में सुधार किया जाए और पानी के बहाव को पुराने ढर्रे पर तालाबों और सरकारी नालों की तरफ मोड़ा जाए ताकि किसानों की जमीन सुरक्षित रहे।

## सुसनेर में 18 जून तक लगेंगे लोक कल्याण शिविर

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 12 जून से 18 जून तक सुसनेर विकासखंड एवं नगर क्षेत्र में लोक कल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे।

कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड सुसनेर में 13 जून को देहरिया सोयत, 15 जून को बड़िया, 16 जून को मोड़ी तथा 18 जून को श्यामपुरा में शिविर आयोजित होंगे। वहीं नगरीय सुसनेर में 12 जून को पुरानी नगर परिषद परिसर, 15 जून को श्रीराम धर्मशाला तथा 18 जून को महात्मा ज्योतिबा फुले चौक पर शिविर लगाए जाएंगे।

शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, राजस्व प्रकरण, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम एवं अन्य जनशिकायतों से संबंधित मामलों का निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से शिविरों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेने और अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

## अस्तल मंदिर में गोवर्धन पर्वत धारण करने की लीला के दर्शन

**आगर-मालवा।** अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद शाखा आगर द्वारा पुरुषोत्तम मास पर सत्यनारायण गली स्थित अस्तल मंदिर में आयोजित गोवर्धन लीला मनोरथ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित एक माह तक चलने वाले मनोरथ उत्सवों की श्रृंखला में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना कोतवाली प्रभारी शशि उपाध्याय सपरिवार शामिल हुईं। उन्होंने भगवान गोवर्धननाथ की पूजा-अर्चना कर गिरिराज स्वरूप पर माल्यार्पण किया तथा गोवर्धन पर्वत धारण करने की लीला के दर्शन किए। इस दौरान उपस्थित वैष्णव श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें संघर्षों के बीच भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मनोरथ कार्यक्रम में शामिल होने पर अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद शाखा आगर की ओर से थाना प्रभारी का शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला, उपरना एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय सदस्य प्रदीप मेठी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण मूंदड़ा, अध्यक्ष रमेश अटल, राजेंद्र शर्मा, प्रमोद जोशी, बंसी पालीवाल, महिला पदाधिकारी दीपाली पालीवाल एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

सुनील नाहर उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने

# किसान व्यापारी समन्वय से मंडी व्यवस्था में सुधार के लिए करेंगे प्रयास- नाहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बेरछा

मध्य प्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के संगठन विस्तार के तहत जिले के युवा व्यापारी एवं समाजसेवी सुनील नाहर को शाजापुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व विधायक हुकुम सिंह कराड़ा, रामवीर सिंह सिकरवार, राष्ट्रीय सचिव महेंद्र जोशी पूर्व विधायक कुणाल चौधरी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह के अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद बागड़ी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है।



उनकी नियुक्ति को जिले के व्यापारिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती देने वाला निर्णय माना जा रहा है। व्यापारिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सरकार में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सुनील नाहर लंबे समय से व्यापारियों की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठते रहे हैं। व्यापारी वर्ग के बीच उनकी सक्रियता और संगठनात्मक कार्य शैली को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति के बाद सुनील नाहर ने पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद बागड़ी एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया हैं, उसे पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। सुनील नाहर कहा की शाजापुर कृषि प्रधान जिला जहां किसान और व्यापारी एक दूसरे के पूरक है। किसानों की समृद्धि से ही व्यापारिक गतिविधियां मजबूत होती है ऐसे में दोनों वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाएगा। मंडी प्रशासन किसान और व्यापारियों के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय स्थापित कर पारदर्शी और सुचारू व्यवस्था विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। जिले के छोटे व्यापारियों युवा उद्यमियों तथा किसान हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।



## रानी लक्ष्मीबाई महिला खेल महोत्सव का उत्साहपूर्ण आगाज, महिलाओं ने दिखाई खेल प्रतिभा

**सुसनेर।** नगर परिषद द्वारा महिलाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई महिला खेल महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को श्रीराम मंदिर धर्मशाला परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में नगर के वार्ड क्रमांक 4 से 8 तक की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साहपूर्वक अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 10 जून से 20 जून तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक एवं मनोरंजक खेलों को शामिल किया गया है। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिताओं के दौरान श्रीराम मंदिर धर्मशाला परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दर्शकों ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में चेयर रेस में राजू राजपूत एवं स्नेहा जुगल किशोर परमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किया। वहीं ₹म्हारो सुसनेर₹ प्रतियोगिता में उर्मिला सिसोदिया एवं सपना सोनी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सम्मान हासिल किया। बैलून गेम प्रतियोगिता में रुपाली सोनी विजेता रहीं। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि महिलाओं की खेलों में भागीदारी समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

## युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला: घर पर थे दादा-दादी

**देवास।** देवास शहर के कालूखेड़ी क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना उस समय सामने आई जब परिजन उसे चाय के लिए बुलाने उसके कमरे में पहुंचे और उसे फंदे पर लटका पाया। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान कालूखेड़ी निवासी आदित्य पिता अशोक वाघमारे (18) के रूप में हुई है। घटना के समय घर पर उसके दादा-दादी मौजूद थे। शाम को चाय का समय होने पर वे आदित्य को जगाने उसके कमरे में गए, जहां उन्होंने उसे फांसी पर लटका देखा। परिजनों ने तत्काल आसपास के लोगों को सूचना दी और आदित्य को देवास जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन बाबू वाघमारे ने बताया कि घटना के वक्त घर में दादा-दादी ही थे। परिवार को इस बात का कोई अंदेशा नहीं था कि आदित्य ऐसा कोई कदम उठा लेगा। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। युवक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

## पेट्रोल भराते समय बाइक बनी आग का गोला: बड़ा हादसा टला



**सीहोर।** सीहोर के लाड़कुई स्थित एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को एक दोपहिया वाहन पेट्रोल भरवाते समय आग लगने से पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लाड़कुई पेट्रोल पंप पर एक बाइक सवार अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवा रहा था। इसी दौरान संभवतः बाइक के स्पार्क प्लग से अचानक चिंगारी निकली, जिसने देखते ही देखते पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक में आग लगते ही पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर सुरक्षित स्थान की ओर भागे। हालांकि, आग आगे नहीं फैली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय पेट्रोल पंप पर लगे अग्निशामक यंत्र नाकाम साबित हुए। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पंप पर सुरक्षा के इंतजाम केवल दिखावे के लिए थे, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती थी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बाइक को धू-धू कर जलते हुए देखा जा सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने पेट्रोल पंप प्रबंधन की इस कथित लापरवाही पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच और पंप पर सुरक्षा मानकों को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है।

## बीमा क्लेम ठुकराना कंपनी को पडा महंगा उपभोक्ता आयोग ने दिलाया न्याय

**सारंगपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग राजगढ; ने प्रकरण क्रमांक 35/2025 में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए परिवादी प्रमोद सादानी के पक्ष में निर्णय दिया है। आयोग ने आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को निर्देशित किया है कि वह परिवादी को 56 हजार रुपये की बीमा प्रतिपूर्ति राशि ब्याज सहित, 20 हजार रुपये मानसिक कष्ट के लिए तथा 5 हजार रुपये वाद व्यय के रूप में अदा करे। आयोग ने यह राशि दो माह के भीतर भुगतान करने के आदेश दिए हैं, अन्यथा 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करना होगा। परिवादी प्रमोद सादानी ने बताया कि उन्होंने आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली थी। अस्पताल में भर्ती होने के बाद कंपनी द्वारा नियम एवं शर्तों का हवाला देते हुए बीमा दावा देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता शैलेन्द्र गुप्ता के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग राजगढ में वाद प्रस्तुत किया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चोबे तथा सदस्य सीमा सक्सेना एवं सुरेंद्र कुमार सक्सेना ने परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया। मामले में विशेष बहस अधिवक्ता शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा की गई।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भेरूसिंह पिता शंकरलाल, जाति-सोंधिया निवासी- ग्राम- रनाहेडा, तहसील-घट्टिया, जिला-उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की संपत्ति कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं 280/4 (S) रकबा 2.2600 हेक्टर में से उत्तर दिशा तरफ की रकबा 0.8000 हेक्टर स्थित ग्राम-रनाहेड़ा, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने बाबत बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा अपने हित में सौदा चिट्ठी लिखवा ली है। उक्त विक्रयग्रस्त संपत्ति की चतुर्सीमा इस प्रकार है- पूर्व में सडक, पश्चिम में भूमि सर्वे क्रं-279/1, 97, 98/1, उत्तर में भूमि सर्वे क्रं-280/3, दक्षिण में-भूमि सर्वे क्रं-280/4 का शेष भाग है। इस प्रकार अब केवल विक्रेता को शेष राशि अदा करते हुए विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवाना शेष है। अतः यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पूर्व से किसी के पास रहन, बय, गिरवी रखी हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति मे अन्य किसी का कोई हक, हित, अधिकार हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा। बाद मियाद इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मैरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लेवेगा। सूचित हो। इति दिनांक 12.06.2026

**सुदर्शन पी. लढा, एडव्होकेट**
**ए-14, भरतपुरी कांप्लेक्स, उज्जैन मो. 9826279028**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती निशा भदौरिया पति श्री बाबूलालजी भदौरिया निवासी-7, बी.एस.एन.एल. क्वार्टर, रविशंकर नगर उज्जैन से उनके स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक-131 स्थित प्रीति परिसर (प्रीति नगर) कालोनी आगर रोड़ उज्जैन में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 55.75 वर्गमीटर हैं, जिसके पूर्व में : भूखण्ड क्रमांक-132, पश्चिम में : भूखण्ड क्रमांक-130, उत्तर में सड़क कॉलोनी की, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक-124, मिला हैं, उक्त सम्पत्ति को यथा स्थिति में तल भूमि से लगाकर हवाई हक सहित को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि (7) दिनों में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरे पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो।

इति दिनांक-12.06.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत दस्तावेज लेखक**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मोबा. 98268.87494**



खिलचीपुर नगर परिषद बेखबर

## ट्रेंचिंग ग्राउंड में 70 से अधिक बिखरे पडे गायों के शव कंकाल

**राजगढ-ब्यावरा।** खिलचीपुर नगर परिषद के क्षेत्र सोमवारिया स्थित स्ट्रेचिंग ग्राउंड में गायों के शव और कंकाल खुले में पड़े मिलने से गौ संरक्षण के दावो पर सवाल खड़ा हो गए। यहां चारों ओर गायों के अवशेष बिखरे पड़े हैं आवारा कुत्ते नौचते खाते नजर आ रहे हैं, पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है, स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रेचिग ग्राउंड में 70 से अधिक गायों के शव व कंकाल बिखरे पड़े हैं, आरोप है कि मृत गायों का नियमानुसार निस्तारण करने के बजाय उनहे गड्ढो में डालकर छोड़ दिया जाता है, वही इसी परिसर में जीवित गाये भी गंदगी के ढेर पर भोजन तलाशती नजर आ रही चारे के अभाव में यह गाये पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री खाने को मजबूर है, नागरिको का आरोप है कि गायों के संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे किया जाते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति चिंताजनक है उन्होंने कहा कि पर्याप्त चारा और देखभाल नहीं मिलने से गाय कचरा खाती हैं जिसमें उनकी मौत हो रही है मामले की जानकारी कई बार प्रशासन को दी गई लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है पहले भी कई बार गाये मर चुकी हैं स्थानीय लोगों ने ट्रेचिंग ग्राउंड में मृत गायो के वैज्ञानिक निस्तारण और बेसहारा गौवंश के लिए समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

## आशा उषा कार्यकर्ता संगठन की 12 सूत्री मांगों के समर्थन में कलेक्टर को ज्ञापन



**ब्यावरा।** भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई राजगढ़ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण मंच द्वारा देश में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम हेतु उचित उपाय करने एवं आशा उषा कार्यकर्ता संगठन की 12 सूत्री मांगों के समर्थन में कलेक्टर राजगढ़ को ज्ञापन दिया गया जिसमें प्रमुख मांगे हैं आशा वर्कर्स को न्यूनतम 18000 रुपए प्रतिमाह एवं उषा वर्कर को 24000 रुपए प्रतिमाह राशि भुगतान की जाए, प्रोत्साहन एरियर राशि का अनावश्यक कटोत्रा बंद किया जावे, शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह की 5 तारीख तक प्रोत्साहन राशि भुगतान किया जावे, केंद्र व राज्य से प्राप्त प्रोत्साहन राशि का भुगतान एक साथ किया जावे, आशा वर्कर्स को दुर्घटना होने पर 5 लाख तक का बीमा, रिटायरमेंट बेनिफिट राशि 10 लाख रुपए तक का भुगतान किया जावे, योग्यता धारी आशा वर्कर्स को एएनएम के पद पर पदोन्नति किया जावे, आशा वर्कर्स को ड्रेस उपलब्ध कराई जावे, चिकित्सा स्थलों पर विश्राम व्यवस्था उपलब्ध कराई जावे आदि मांगे प्रमुख है इस अवसर पर, पर्यावरण मंच प्रदेश संयोजक पवन मेहता भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना जिला मंत्री संजय शेखर शर्मा कोषाध्यक्ष विश्वास नौगांवकर, वरिष्ठ नागरिक परीसंघ जिला संयोजक राजेंद्र सक्सेना सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर संघ जिला संयोजक बापूजी सुमन विद्युत पेंसनर संघ जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा आशा उषा कार्यकर्ता अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सोनी मंत्री श्रीमती प्रफुल्ल सोंधिया ,तन्वी गोरी, बढ़ी संख्या मे कार्य कर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 25 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए



**खाचरौद।** केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत राज्य शासन के निर्देश पर 11 जून को लोक कल्याण मेले का आयोजन नगर पालिका सभाकक्ष में किया गया। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि नगर पालिका परिषद निरन्तर नगर में प्रचार प्रसार कर छोटे व्यापारियों एवं सड़क पर ठेले लगाकर व्यापार करने वाले व्यापारियों को निरन्तर सहयोग प्रदान कर स्वनिधि योजना का लाभ प्रदान कर रही हैं। आज 11 जून को योजनान्तर्गत आयोजित लोक कल्याण मेले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 25 हितग्राहियों को लगभग 11 लाख 15 हजार रुपये के स्वीकृति पत्र वितरित किए। व इसके पूर्व लगभग 1 करोड़ की राशि का ऋण योजनान्तर्गत नगर पालिका द्वारा व्यापारियों को दिलवाया जा चुका है। इस अवसर पर नपा पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, बाबू नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम बम्बोरिया, राजस्व प्रभारी ललित यादव, योजना प्रभारी रंजना शर्मा सहित बड़ी संख्या में हितग्राही एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## टोकन प्रणाली से खाद वितरण में पारदर्शिता, किसानों को राहत

**राजगढ़-ब्यावरा।** राज्य सरकार की किसान हितैषी योजना के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ द्वारा जिले के किसानों को अब तक 140 समितियों के माध्यम से 9,900 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। ई-विकास पोर्टल के माध्यम से टोकन प्रणाली द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ किए गए इस वितरण में 6,437 डीएपी, एनपीके मीट्रिक टन, 2,445 मीट्रिक टन यूरिया एवं 1,005 मीट्रिक टन एसएसपी व अन्य खाद शामिल है। राज्य शासन की पारदर्शी डिजीटल योजना से अब तक जिले के 26,041 किसान लाभान्वित हो चुके हैं, जिससे किसानों को खेती के लिए खाद उपलब्ध हो रही है।

लोन ऐप के नाम पर ब्लैकमेलिंग करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश

# अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर करते थे अवैध वसूली, 4 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा



राजगढ़ जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में लगातार अभियान संचालित किया जा रहे। इसी क्रम में एसडीओपी राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय साइबर ब्लैकमेलिंग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आवेदक ने थाना कोतवाली राजगढ़ में शिकायत की कि अज्ञात व्यक्तियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर फर्जी लोन रिकवरी के नाम पर उसे भयभीत एवं प्रताड़ित किया है। आरोपियों ने आवेदक की फोटो का दुरुपयोग कर अश्लील एवं आपत्तिजनक सामग्री तैयार कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने तथा उसके परिचितों एवं रिश्तेदारों को भेजने की धमकी दी। आरोपियों के दबाव एवं भय के कारण आवेदक ने विभिन्न यूपीआई खातों में कुल 28,000 की राशि स्थानांतरित कर दी।

शिकायत की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना एवं तकनीकी विश्लेषण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी फर्जी लोन ऐप एवं रिकवरी एजेंट बनकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इसके पश्चात पीड़ितों की व्यक्तिगत जानकारी एवं फोटो का दुरुपयोग कर उन्हें अश्लील फोटो या वीडियो वायरल करने की धमकी दी जाती थी तथा मानसिक दबाव बनाकर धनराशि की अवैध वसूली की जाती थी। आरोपियों ने प्राप्त धनराशि को विभिन्न डिजिटल माध्यमों से स्थानांतरित कर बिंनेंस जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में परिवर्तित किया था, जिससे धन के स्रोत एवं लेन-देन को छिपाया जा सके। जांच के दौरान इस गिरोह के अंतर्राज्यीय एवं संभावित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत भी प्राप्त हुए हैं, जिनकी विस्तृत जांच की जा रही है।

**सभी आरोपी उत्तरप्रदेश के निवासी**

पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद आकीब खान 22 वर्ष निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), इस्माइल 28 वर्ष निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), मोहम्मद इल्तिफात 28 वर्ष निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), अरमान हुसैन निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रकरण से संबंधित बैंक खातों डिजिटल लेन-देन, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया खातों एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण किया जा रहा है। उक्त आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी प्राप्त की गई जिसमें इनके दवारा लगभग 30 लाख रुपये की अन्य लोगों के साथ ठगी की गई है। जो बायनेंस के माध्यम से अन्य खार्ता में स्थानान्तरित की गई है उन खातों की जानकारी प्राप्त कर प्रकरण में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पेंशनर्स ने किया प्रदर्शन, 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

# महंगाई राहत, एरियर भुगतान सहित अन्य लंबित मांगों के निराकरण की उठाई मांग

### 30 जून को जिला मुख्यालय पर आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



म.प्र. प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेशव्यापी आंदोलन के प्रथम चरण के तहत गुरुवार को शुजालपुर में पेंशनर्स ने धरना प्रदर्शन कर अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। धरना स्थल पर एकत्रित पेंशनर्स ने नारेबाजी करते हुए शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया तथा बाद में एसडीएम राजकुमार हलदर को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। धरना सभा को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष मांगीलाल लेवे ने कहा कि प्रदेश के करीब पांच लाख पेंशनर्स वर्षों से अपनी न्यायोचित मांगों के निराकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने महंगाई राहत, एरियर भुगतान एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के मामलों में पेंशनर्स की उपेक्षा किए जाने पर चिंता व्यक्त की।

कार्यकारी तहसील अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह यादव ने कहा कि म.प्र. राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) समाप्त की जाए कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनर्स पर लगाए गए चार प्रतिशत प्रीमियम को वापस लिया जाए तथा लंबित एरियर और अन्य वित्तीय लाभों का भुगतान शीघ्र किया जाए। उन्होंने न्यायालयीन आदेशों के अनुरूप सभी देय लाभ तत्काल प्रदान करने की मांग भी उठाई।

प्रदर्शन के दौरान पेंशनर्स ने पेंशनर्स एकता जिंदाबाद, हमारा अधिकार हमें दो और सोई हुई सरकार जागों जैसे नारे लगाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 30 जून को शाजापुर जिला मुख्यालय पर दूसरे चरण का व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र रिणवा ने पेंशनर्स से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## अन्नदाता पर बैंक की मनमानी, खरीफ सीजन में रोकी किसानों की रकम

**किसानों ने एसडीएम वरवड़े को सौपा ज्ञापन**

**सुसनेर।** एक तरफ जहां खरीफ सीजन की शुरूआत होते ही किसानों को खेतों में बोनी, खाद, बीज और कीटनाशक की चिंता सताने लगी है, वहीं दूसरी तरफ बैंक ऑफ इंडिया की मनमानी ने किसानों की रातों की नींद उड़ा दी है। सरकार द्वारा गेहूं समर्थन मूल्य का पैसा किसानों के खातों में तो डाल दिया गया है, लेकिन बैंक के अड़ियल रवैये के कारण किसान अपनी ही गाढ़ी कमाई के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ऐसे में परेशान किसानों ने मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कांवल के नेतृत्व में गुरुवार की दोपहर में एसडीएम किरण वरवड़े को ज्ञापन सौपकर के उचित कार्रवाई की मांग की है। किसानों का आरोप है कि बैंक ऑफ इंडिया की सुसनेर शाखा द्वारा उन्हें केवल 50,000 रुपये नकद दिए जा रहे हैं। आज के इस महंगाई के दौर में इतनी कम राशि में खाद-बीज की व्यवस्था करना नामुमकिन है। हद तो तब हो गई जब बैंक प्रबंधन ने किसानों को एनईएफटी और आरटीजीएस ऑनलाइन ट्रांसफर करने से भी साफ मना कर दिया। ऐसे में किसान न तो नकद पैसा ले पा रहे हैं और न ही व्यापारियों को ऑनलाइन भुगतान कर पा रहे हैं। किसानों ने तीखा आक्रोश जताते हुए कहा खरीफ की बोनी सिर पर है, अगर समय पर खाद-बीज नहीं खरीदा तो हमारी पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। जब हम बैंक में अपना हक मांगने जाते हैं, तो वहां का स्टाफ हमसे सीधा मुंह बात नहीं करता।

## गुप्ता ने प्रभारी मंत्री से भेंट कर सीएमओ की नियुक्ति का किया अनुरोध

**गुना।** विगत दिनांक 9 जून को भोपाल में, जिला प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता एवं आलोक विजयवर्गीय ने सौजन्य भेंट की एवं नगर पालिका गुना में विगत 20 दिन से मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पद रिक्त होने से आ रही समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता अरविंद गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका में कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं होंने से कर्मचारियों द्वारा दिनांक 8 जून को नपा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया है। साथ ही वर्तमान में गुना नगर में राष्ट्रीय संत श्री सुधा सागर महाराज भी पधारे हैं एवं प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु देश-विदेश से गुना में आ रहे हैं, ऐसे में नगर पालिका द्वारा दी जाने वाली आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो रही है।

कुटीर आवास के लिए हनुमान चौराहे पर लोगों का धरना तीसरे दिन जारी

# नगरपालिका गेट पर आयोजित धरना स्थल पर नपाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



संघर्ष समिति के तत्वाधान में हनुमान चौराहा नगर पालिका के द्वार पर प्रधानमंत्री आवास कुटीर 02 योजना के लिए लोगों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। उक्त योजना के अंतर्गत 8512 फार्म निरस्त कर दिए हैं। निरस्त फार्मो की सूची भी लोगों के पास उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री आवास कुटीर योजना की आवाज को लेकर तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहने वाले राजेंद्र तिवारी, राजू जाटव, मनीराम जाटव, वार्ड नंबर 20 की पार्षद कृष्ण अरविंद मौर्य, मुकेश जाटव, राजकुमार, मुकेश रजक सहित एक सैकड़ा लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता को प्रधानमंत्री आवास सूची योजना में हुए घपलेबाजी से अवगत कराया गया। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मध्य प्रदेश शासन से जिला प्रशासन से मिलकर प्रधानमंत्री आवास कुटीर योजना में हुए घोटाले की जांच करवाएंगे। जांच में सही पाए जाने पर लोगों के फार्म प्रधानमंत्री आवास सूची में शामिल किया जाएगा। धरने पर उपस्थित लोगों ने बताया कि 12 जून को मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन देंगे।

काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, चुनाव आयोग और भाजपा पर लगाए लोकतंत्र को कमजोर करने के आरोप

# नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा नामित प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फ ॉर्म निरस्त किए जाने के विरोध में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने काली पट्टी बांधकर चुनाव आयोग के निर्णय के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि भाजपा को पहले से पता था कि राज्यसभा की तीसरी सीट के लिए उसके पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है, इसके बावजूद तीसरे उम्मीदवार की घोषणा की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि शुरूआत से ही सीट हासिल करने के लिए षड्यंत्र रचा गया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। प्रदेश सह सचिव रचना जैन ने कहा कि भाजपा सरकार हार के डर से इस प्रकार के कदम उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटनाक्रम ने भाजपा के चालए चरित्र और चेहरे को उजागर कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़ ने इसे संविधान और लोकतंत्र के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इस मामले को न्यायालय में चुनौती देंगे तथा राष्ट्रपति से भी मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराएंगे। उन्होंने न्यायपालिका पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस को न्याय मिलने की उम्मीद है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की मांग उठाई। कार्यक्रम में अचल सिंह मेवाड़ा, महेंद्र नाहर, राजू दरबार, अशोक अग्रवाल, जयंत सिकरवार, बल्ला सोनी, रईस पठान, विष्णु शर्मा, गौरव परमार, दीपक शर्मा, विक्रम सिंह बाढ़पुर, अजय मोर्टे, मोहन धनगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## रात्रि चौपाल एवं विश्राम कार्यक्रम में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से विकासखंड ब्यावरा की ग्राम पंचायत भाटखेड़ी अंतर्गत ग्राम गुजरीबे एवं ग्राम कचनारिया में रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्यान्न वितरण, मनरेगा तथा अन्य जनहितकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त होने संबंधी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, विद्युत, राजस्व एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित विषयों को कलेक्टर के समक्ष रखा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने ग्रामीणों को विभिन्न आजीविका, स्व-सहायता समूह एवं पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

## अचानक कच्चे मकान में लगी आग फायर ब्रिगेड ने बुझाई



**खाचरोद।** नगर के प्राचीन श्री रामोला मंदिर के बाड़े में बने कच्चे टापरे के मकान में अचानक आग की लपटे उठने लगी। देखते ही देखते आग का प्रकोप बढ़ने लगने पर मंदिर पुजारी द्वारा पुलिस विभाग , एमपीईबी ओर फायर ब्रिगेड को सूचना की गई। फायर ब्रिगेड आई तब तक आसपास के रहवासियों द्वारा पानी से आग को बुझाने का प्रयास किया गया। फायर ब्रिगेड आने पर कर्मचारियों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया।कोईजनहानी तो नहीं हुई समय रहते आग बुझ गई। मौका स्थल पर चर्चा होने लगी आग कैसे लगी कोई कारण स्पष्ट नहीं रहा। नपा कर्मचारियों द्वारा पंचनामा बनाकर ले गई।

## उन्हेल तहसीलदार ने सौहार्दपूर्ण तरीके से हटवाया अतिक्रमण



**उन्हेल।** उन्हेल तहसील के गाँव बरखेड़ानजीक में उन्हेल तहसीलदार अनिल मोरे द्वारा थाना प्रभारी संतोष चौहान एवं हल्का पटवारी की उपस्थिति में ग्रामीणजन के सहयोग से सौहार्दपूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गईं, मानसून शुरू होने के पूर्व की गई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से कोई आपत्ति सामने नहीं आई , मानसून के दौरान मानवीय और कानूनी कारणों से अतिक्रमण हटाने (डेमोलिशन) की कार्रवाई रोक दी जाती है, क्योंकि बारिश में बेघर हुए लोगों को शेल्टर होम में रखने का दबाव बढ़ जाता है, कई राज्यों के नगरीय विकास विभाग के स्पष्ट दिशा-निर्देश होते हैं, कि मानसून के बीच सरकारी या निजी जमीन से अवैध निर्माण न गिराए जाएं, इसलिए कई राज्य सरकारें और स्थानीय निकाय मानसून सीजन के दौरान विध्वंस अभियान पर रोक लगाते हैं।

## बड़ी मात्रा में अफीम पदार्थ जप्त आरोपी गिरफ्तार



**खाचरौद।** पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 53 किलो डोडाचूरा व 608 ग्राम अफीम जब्त खाचरौद पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 53.030 किलोग्राम अफीम डोडाचूरा एवं 608 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार, मोबाइल फोन और नकदी सहित कुल 14.01 लाख रुपये का मश्रुका जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। पुलिस के अनुसार जब्त मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये है। कार्रवाई थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के नेतृत्व में खाचरौद पुलिस टीम एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

# शाहरुख बोले- पहले तुम दिल तोड़ती थीं, अब हड्डियां तोड़ रही हो

# अल्फा का टीजर रिलीज, जमकर एक्शन करती दिखीं आलिया भट्ट

**आलिया भट्ट स्टारर वायएफआर पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म अल्फा का टीजर बुधवार को जारी किया गया। टीजर 1 मिनट 55 सेकेंड का है, जिसमें आलिया जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं।**

टीजर में कहानी एक युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार आलिया निभा रही हैं। उसे बचपन से ही एक खास मकसद के लिए तैयार और ट्रेन किया जाता है। टीजर में उनके पिता बॉबी देओल उन्हें 'अल्फा' नाम के एक सीक्रेट प्रोग्राम से इंट्रोड्यूस कराते हैं, जिसे भारत के अगली पीढ़ी के सैनिकों को तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है।

अल्फा का टीजर रिलीज होने के बाद शाहरुख खान ने आलिया की जमकर तारीफ की है। शाहरुख ने  पर लिखा, ह्लबहुत बढ़िया आलिया। पहले तुम दिल तोड़ती थीं, अब हड्डियां तोड़ रही हो। तुम्हारा टैलेंट लगातार बढ़ता जा रहा है। उम्मीद है 'अल्फा' लोगों का दिल जीतेगी और सीक्वल के लिए कुछ विलेन भी बच जाएंगे। जाओ, सबको दिखा दो सिग्मा गर्ल! बॉबी सर, जब आप विलेन बनते हैं तो कमाल कर देते हैं।




## फिल्म अल्फा के बारे में जानिए

अल्फा यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की 7वीं और फीमेल लीड वाली पहली फिल्म है। आलिया भट्ट फिल्म में लीड रोल प्ले कर रही हैं। शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर भी फिल्म में अहम किरदारों में हैं। ऋतिक रोशन, इस यूनिवर्स की फिल्म वॉर के किरदार कबीर का कैमियो रोल प्ले करने वाले हैं। फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। फिल्म का निर्देशन शिव रवैल ने किया है।



**बॉबी ने आलिया से अनबन की खबरों को अफवाह बताया-** हाल ही में बॉबी देओल ने अल्फा की शूटिंग के बीच आलिया से अनबन की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए इसे अफवाह बताया था। टीवी शो 'आप की अदालत' में उनसे आलिया से अनबन की खबरों पर सवाल किया गया था, तो एक्टर ने कहा था, ₹मुझे भी किसी दोस्त ने उस खबर का स्नैपशॉट भेजा था। मैं भी हैरान था। लोग इतने वेल्ले हैं कि कुछ भी लिखकर बना देते हैं।आगे बॉबी ने कहा था, ह्लमैंने अभी रणबीर के साथ फिल्म की, फिर मुझे जब पता चला कि मुझे आलिया के साथ एक फिल्म मिली है, तो मैंने सोचा कि ये हो क्या रहा है मेरे साथ, क्योंकि दोनों ही मेरे फेवरेट एक्टर हैं। दोनों के साथ मुझे काम करने को मिल रहा है। ये बहुत अच्छा है। वह कितनी अच्छी एक्ट्रेस हैं, कितनी हार्डवर्किंग हैं। कितनी प्रोफेशनल हैं। उन्हें फाइट सीक्वेंस करना हो तो वह बहुत तैयार रहती हैं।

## अल्फा के बाद पठान 2 के आने की चर्चा

इस यूनिवर्स में अल्फा के बाद पठान 2 और टाइगर वर्सेस पठान की भी चर्चा है। पठान 2 को स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म माना जा रहा है, जिसमें शाहरुख खान दिखेंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पठान 2 की स्क्रिप्ट का काम पूरा हो चुका है। वहीं टाइगर वर्सेस पठान में सलमान खान और शाहरुख खान के एक साथ दिखने की चर्चा थी। फिल्म को लेकर टील्ल२ढ जैसी कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सितारों की भारी-भरकम फीस के चलते इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। वहीं इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म पूरी तरह बंद नहीं हुई है, बल्कि इसे कुछ समय के लिए होल्ड पर रखा गया है।



# पीला गमछा ओढ़े स्कूटी पर निकलीं रवीना

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन अपने दो दिवसीय ऋषिकेश दौरे के दौरान आध्यात्मिक रंग में रंगी नजर आईं। वह साड़ी पहनकर और चेहरे पर पीला गमछा ओढ़कर स्कूटी से जानकी सेतु पार करती दिखीं। इस दौरान उन्होंने 'हर-हर गंगे' के जयकारे लगाए। उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई और प्रशंसकों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। रवीना टंडन परमार्थ निकेतन पहुंचीं, जहां उन्होंने कथा श्रवण किया, गंगा आरती में हिस्सा लिया और गौ पूजन किया। पूरे प्रवास के दौरान वह भक्ति और आध्यात्मिक गतिविधियों में लीन नजर आईं। उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती का आशीर्वाद भी लिया।

## स्कूटी पर घूमीं, लगाए जयकारे

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का ऋषिकेश दौरे का सबसे चर्चित पल तब रहा, जब वह साड़ी पहनकर और चेहरे पर पीला गमछा ओढ़े स्कूटी से जानकी सेतु पार करती नजर आईं। गंगा तट और आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए उन्होंने 'हर-हर गंगे' के जयकारे भी लगाए। उनका यह सादा और आध्यात्मिक अंदाज लोगों को काफी पसंद आया। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने उनके व्यवहार की सराहना की और कई लोगों ने उनके वीडियो भी अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किए। रवीना टंडन को स्कूटी पर देखकर जानकी सेतु और आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। कई लोग उन्हें करीब से देखने और उनके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए उत्साहित नजर आए।

## Sport

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप आज से, भारत का 14 को पाकिस्तान से मुकाबला

### पहली बार 12 टीमें और 33 मैच; भारत ग्रुप ऑफ डेथ में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

10वां विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होगा। पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। इस बार 12 टीमें 24 दिनों में 33 मुकाबले खेलेंगी।

यह अब तक का सबसे बड़ा विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप होगा। टूनामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड है। टीम ने 2024 में पहली बार खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया 6 ट्रॉफी के साथ टूनामेंट की सबसे सफल टीम है। भारत कभी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। टीम ने 4 बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में जगह बनाई है। भारत इस बार ग्रुप ऑफ डेथ में है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका जैसी टीमें हैं। भारत का पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान से होगा।

2009 में पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप इंग्लैंड में हुआ था। टूनामेंट में 8 टीमें शामिल थीं। मेजबान इंग्लैंड ही पहली चैंपियन बनी थी। शुरूआती 3 वर्ल्ड कप तक 8 टीमें खेलती थीं। 2014 से टीमों की संख्या बढ़कर 10 हुई।

## निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल

भारत में जन्मे ऑलराउंडर निखिल चौधरी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में चुना गया है। वे बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 मैचों की सीरीज में हिस्सा लेंगे।

## खेल जगत के 100 प्रभावशाली लोगों की सूची जारी

**नई दिल्ली।** टाइम मैगजीन ने पहली बार खेल जगत की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों की सूची जारी की है। इसके कवर पेज पर चार बार के एनबीए चैम्पियन लेब्रन जेम्स को जगह मिली है।

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध



होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
**ए.के. ट्रेडर्स**
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

| झारडा | नागदा |
|---|---|
| मकान बेचना है | मकान बेचना है |
| Size 12.5x30 | Size 20x40 |
| मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा | श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा |

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

**जय श्री महाकाल**
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
**कटे कान जुड़वाएं**
**किडनी की पथरी का अंत तुरंत**
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

## न्यूज कॉलम

### सहकारी संस्था के दो कर्मचारी 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए



**इंदौर।** लोकायुक्त इंदौर ने शुक्रवार को सेवा सहकारी संस्था मर्यादित अत्याना, गौतमपुरा के दो कर्मचारियों को किसान से 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। मामला किसान जाकिर हुसैन निवासी ग्राम कुनघारा तहसील देपालपुर का है। उन्होंने डॉ. राजेश सहाय (लोकायुक्त एसपी) को बताया था कि उन्होंने वर्ष 2024 में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 2 लाख रुपए का लोन लिया था। निर्धारित समय पर राशि जमा नहीं कर पाने के कारण वर्ष 2026 में लोन रिन्यू के लिए उन्हें ब्याज सहित 2.30 लाख जमा करना थे। आरोप है कि लोन नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बदले संस्था के कर्मचारियों ने 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। लोकायुक्त द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर ट्रैप टीम का गठन किया गया। दोपहर को टीआई प्रतिभा तोमर की टीम ने गौतमपुरा स्थित सेवा सहकारी संस्था कार्यालय में कार्रवाई करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रभारी समिति प्रबंधक अमन जोशी व सहायक समिति प्रबंधक रमेशचंद्र पंड्या को शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। लोकायुक्त संगठन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना लोकायुक्त कार्यालय मोती बंगला, एम.जी. रोड इंदौर या फोन नं. 0731-2533160, 0731-2430100 को दें, ताकि भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने और कार में जबरन बैठाने की कोशिश

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ रास्ता रोककर मारपीट करने और जबरन कार में बैठाने की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक फरियादी रोहित शर्मा (28) निवासी सदर बाजार मैन रोड इंदौर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 11 जून 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह केशरबाग सर्विस रोड स्थित टिंकुस कैफे के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान कपिल जायसवाल, उसका साथी अमन बैस और एक अन्य युवक वहां पहुंचे और उसे घेर लिया। शिकायत के अनुसार एक आरोपी स्कूटर पर सवार था, जिसने रोहित के स्कूटर के आगे अपना वाहन लगाकर उसे जबरन रोक लिया। इसके बाद कार में सवार कपिल जायसवाल और अमन बैस नीचे उतरे। आरोप है कि कपिल ने पुरानी रंजिश को लेकर रोहित के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद तीनों आरोपियों ने मिलकर रोहित के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसे जबरदस्ती कार में बैठाकर अपने साथ ले जाने की कोशिश भी कर रहे थे। इसी दौरान रोहित द्वारा शोर मचाने और मदद मांगने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। राजेंद्र नगर पुलिस ने कपिल जायसवाल, अमन बैस और एक अन्य आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड में फिर उठी सीबीआई जांच की मांग

**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में राजा के भाई विपिन रघुवंशी एक बार फिर सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब एक लड़की से जुड़े मामले में सीबीआई जांच हो सकती है, तो लड़के के मामले में क्यों नहीं। उनका तर्क है कि यह मामला भी बेहद चर्चित है और इसमें दूसरे राज्य का भी एंगल जुड़ा हुआ है। ऐसे में राजा रघुवंशी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए। बता दें कि इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ हनीमून पर शिलांग गए थे। आरोप है कि वहां सोनम ने अन्य लोगों के साथ मिलकर राजा की हत्या कर दी और शव को खाई में फेंक दिया। घटना के बाद वह फरार हो गई थी, लेकिन बाद में पुलिस ने सोनम सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल सोनम जमानत पर बाहर है। ऐसे में राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाना चाहिए। विपिन का कहना है कि इस मामले में जल्द से जल्द सीबीआई जांच होनी चाहिए। क्योंकि सोनम जमानत पर बाहर है और वह सबूतों को नष्ट कर सकती है। हमारी राज्य सरकार से यही मांग है कि इस मामले की भी सीबीआई जांच कराई जाए। सीबीआई जांच होने पर हमारे भाई राजा को जल्द न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल सोनम जमानत पर बाहर है, लेकिन यदि मामले की गहन जांच होती है तो सच्चाई सामने आएगी। विपिन ने कहा कि भोपाल में एक युवती की मौत के मामले में सीबीआई जांच कराई जा रही है, जबकि राजा की हत्या के मामले में अब तक सीबीआई जांच नहीं हुई है। जबकि यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रहा है और इसमें दूसरे राज्य का भी एंगल जुड़ा हुआ है। विपिन का कहना है कि सरकार को इस मामले में भी सहयोग करना चाहिए था। इतना बड़ा मामला होने के बावजूद यदि सोनम को जमानत मिल गई है, तो यह उनके परिवार के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि राजा को अभी तक न्याय नहीं मिला है और परिवार अब भी इंसाफ का इंतजार कर रहा है।

### आईपीएस कॉलेज से एमसीए कर रहे छात्र की ट्रक की टक्कर से मौत

**इंदौर।** सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। राऊ सर्कल पर एक ट्रक की टक्कर से निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्र की मौत हो गई, जबकि लसूड़िया क्षेत्र में भी ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक छात्र का नाम हर्षित सोलंकी (22) पुत्र अजय कुमार सोलंकी निवासी शिव सिटी है। गुरुवार रात वह बाइक से राऊ सर्कल होते हुए घर लौट रहा था। इसी दौरान एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि हर्षित की मौके पर ही मौत हो गई। हर्षित आईपीएस कॉलेज में एमसीए सेकंड ईयर का छात्र था। परिजनों के अनुसार उसके परिवार में पिता और एक भाई हैं, जो मंदसौर जिले के गरोठ तहसील के सुवासरा गांव में रहते हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार इंदौर पहुंचा। पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**लसूड़िया में भी ट्रक की चपेट में आया व्यक्ति-** एक अन्य हादसे में लसूड़िया थाना क्षेत्र के एसआर कंपाउंड के पास अशोक (55) पुत्र गणपत, निवासी स्कीम नंबर-140, ट्रक की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल अशोक को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट की लापरवाही से निगम कर्मचारी की मौत-** मेट्रो प्रोजेक्ट प्रबंधन की लापरवाही एक युवक की जान पर भारी पड़ गई। एयरपोर्ट रोड पर हुए सड़क हादसे में इंदौर नगर निगम वर्कशॉप में कार्यरत ट्रैक्टर ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में नाराजगी का माहौल है। मृतक की पहचान मनोज पिता भगवान चंदेल (30) निवासी जम्बुडी हप्सी के रूप में हुई है। मनोज इंदौर नगर निगम की वर्कशॉप में ट्रैक्टर ड्राइवर के पद पर कार्यरत था। बताया जा रहा है कि वह बीती रात ड्यूटी खत्म कर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान एयरपोर्ट रोड पर चल रहे मेट्रो प्रोजेक्ट के कार्य स्थल के पास सड़क पर रखे लोहे के पाइप से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मध्य प्रदेश की फसल खत्म, अब महाराष्ट्र ही सहारा, दूसरी सब्जियों के दाम भी बढ़े

# इंदौर में टमाटर 80 रु. किलो, 800 से 1000 रु. में एक कैरेट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का असर अब आम लोगों की रसोई पर साफ दिखाई देने लगा है। इंदौर में टमाटर के दाम 80 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है। प्रदेश का स्थानीय उत्पादन लगभग खत्म हो चुका है।



शहर की सबसे बड़ी चोइथराम स्थित देवी अहिल्याबाई फल और सब्जी मंडी में टमाटर के भाव 800 से 1000 रुपए प्रति कैरेट तक पहुंच गए हैं। अच्छी क्वालिटी के टमाटर थोक बाजार में 50 से 60 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं, जबकि खुदरा बाजार में यही टमाटर 70 से 80 रुपए प्रति किलो तक पहुंच चुका है।

वर्तमान में इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में टमाटर की सप्लाई के लिए महाराष्ट्र ही प्रमुख सोर्स बचा है। नारायणगांव और कलवन क्षेत्र से आने वाला टमाटर मंडी में पहुंच रहा है। आने वाले करीब तीन महीनों तक यही स्थिति बनी रहने की संभावना है। गणेश चतुर्थी के आसपास नई फसल बाजार में आने के बाद ही कीमतों में कुछ राहत मिल सकती है।

महाराष्ट्र के नारायण गांव और कलवन का सुपर माल मंडी में 800 रु. से 1000 रु. प्रति कैरेट के करीब बिक रहा है। मंडी में थोक में इसका भाव 50 रु. से 60 रु. प्रति किलो है, जबकि मंडी के बाहर खुदरा (रिटेल) में यही टमाटर 70 रु. से 80 रु. रुपए किलो तक बिक रहा है। राजस्थान का माल मंडी में 400 रु. प्रति कैरेट तक बिक रहा है। थोक में इसका भाव 30 रु. से 40 रु. प्रति किलो है, जबकि बाहर बाजार में यह 60 रु. किलो तक बिक रहा है।

### टमाटर के दाम बढ़ने के 4 बड़े कारण

1. **प्रदेश का माल पूरी तरह खत्म, मालवा-निमाड़ में सूखाः** भीषण गर्मी और नई बोआई (बोबानी) के चलते प्रदेश में फसल का भारी शॉर्टेज हुआ है। निमाड़ और मालवा के अधिकांश हिस्सों में टमाटर खत्म हो चुके हैं और किसान नई फसल की तैयारी में जुट गए हैं। पूरे एमपी में सिर्फ हरदा बेल्ट में ही थोड़ा-बहुत माल बचा है।
2. **राजस्थान की आवक बंद होने की कगार परः** इंदौर मंडी में राजस्थान के बड़ा नयागांव और कोटा से टमाटर आ रहा है, लेकिन वहां खराब मिट्टी और पानी की समस्या के चलते फसलें खराब होने की स्थिति में हैं। व्यापारियों के मुताबिक अगले 5 से 10 दिनों में राजस्थान का यह हल्का माल भी पूरी तरह खत्म हो जाएगा, जिससे आवक बंद हो जाएगी।
3. **गुजरात और साउथ में भारी डिमांडः** एमपी में टमाटर की किल्लत के बीच गुजरात और दक्षिण भारत (साउथ) के राज्यों से भारी डिमांड आ गई है। बाहरी राज्यों में मांग अधिक होने के कारण मध्य प्रदेश की मंडियों में टमाटर के रेट अचानक सातवें आसमान पर पहुंच गए हैं।
4. **मंडी नाका टैक्स बढ़ने का भी असरः** टमाटर के दाम बढ़ने में टैक्स का भी हाथ है। मंडी नाका पर लगने वाला टैक्स पहले 1% (एक फीसदी) था, जिसे अब बढ़ाकर 1.5% (डेढ़ फीसदी) कर दिया गया है। इस बढ़े हुए नाका रेट का सीधा असर सब्जियों की लागत पर पड़ रहा है।

### महाराष्ट्र के इन इलाकों से आ रहा है टमाटर

आने वाले दिनों में इंदौर पूरी तरह महाराष्ट्र के भरोसे रहेगा। वर्तमान में महाराष्ट्र के नारायण गांव, सलगमनेर और कलवन से इंदौर मंडी के लिए टमाटर की आवक हो रही है। वहीं, देशी टमाटर की खेप महाराष्ट्र के कनड़ इलाके से इंदौर पहुंच रही है।

### गणेश चतुर्थी के बाद ही नई फसल

व्यापारियों और मंडी विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिन आम जनता की जेब पर और भारी पड़ने वाले हैं। जैसे ही मानसून या बारिश की शुरूआत होगी, परिवहन और माल खराब होने के चलते टमाटर के भाव और ज्यादा बढ़ने की पूरी संभावना है। आने वाले समय में रेट 80 रु. के पार या 100 रु. तक भी छू सकते हैं। टमाटर के दामों में गिरावट और राहत गणेश चतुर्थी के आसपास आएगी, जब नई फसल मंडियों में आना शुरू होगी।

## इंदौर जंक्शन से लक्ष्मीबाई नगर शिफ्ट होंगी ट्रेनें

### लाखों रेल यात्रियों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा, भव्य स्टेशन बनाने की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के लाखों रेल यात्रियों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। इंदौर जंक्शन के पुनर्विकास और नई भव्य स्टेशन बिल्डिंग के निर्माण की तैयारी तेज हो गई है। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले इस मेगा प्रोजेक्ट के चलते ट्रेनों का संचालन चरणबद्ध तरीके से लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। यहां यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल इंदौर यार्ड क्षेत्र में नॉन-इंटरलॉकिंग का काम जारी है। इसके लिए मेजर ब्लॉक लिया गया है। इसी वजह से कुछ ट्रेनों को अस्थायी रूप से निरस्त भी किया गया था। इस दौरान ट्रैक सर्किट, सिग्नलिंग सिस्टम और कंप्यूटर आधारित ऑपरेशन कंट्रोल सिस्टम को नए स्टेशन परिसर में शिफ्ट किया जा रहा है।



**वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में काम-** रेलवे के जोनल और मंडल स्तर के वरिष्ठ अधिकारी पूरे शिफ्टिंग कार्य की निगरानी कर रहे हैं। रेलवे का कहना है कि सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### जल्द लक्ष्मीबाई नगर से शुरू होगा संचालन

तकनीकी कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का संचालन लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद इंदौर जंक्शन पर अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय स्टेशन निर्माण का काम तेज होगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन और स्टेशन संबंधी जानकारी जरूर जांच लें, ताकि किसी तरह की असुविधा से बचा जा सके।

## आईआईटी इंदौर का 14वां दीक्षांत समारोह 27 जून को

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में शुमार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी इंदौर का 14वां दीक्षांत समारोह 27 जून 2026 (शनिवार) को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य और भारत सरकार के डीएसटी के पूर्व सचिव प्रो. अभय करांदिकर होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता इसरो के पूर्व चेयरमैन और आईआईटी इंदौर के वर्तमान बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन डॉ. के. सिवन करेंगे।

दोपहर ठीक 2.30 बजे शुरू होने वाले इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर के स्वागत भाषण और वार्षिक रिपोर्ट के साथ होगी। इसके बाद बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन डॉ. के. सिवन सभा को संबोधित करेंगे, जिसके तुरंत बाद मुख्य अतिथि प्रो. अभय करांदिकर अपना मुख्य दीक्षांत भाषण देंगे। समारोह में देश-विदेश में संस्थान का नाम रोशन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को प्रतिष्ठित मेडल और डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। डिग्री हासिल करने के बाद सभी विद्यार्थी संस्थान और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की सामूहिक शपथ लेंगे। संस्थान ने बाहर से आने वाले मेहमानों, शोधकर्ताओं और अभिभावकों की सुविधा का भी विशेष ख्याल रखा है। इंदौर एयरपोर्ट और इंदौर रेलवे स्टेशन से सीधे आईआईटी इंदौर कैंपस तक बिना किसी परेशानी के पहुंचने के लिए बकायदा डिजिटल क्यूआर कोड जारी किए गए हैं, जिन्हें स्कैन करके सीधे सही रास्ते का पता लगाया जा सकता है।

## 12वीं की छात्रा ने किया सुसाइड



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

परदेशीपुरा क्षेत्र में 12वीं कक्षा की छात्रा (17) ने शुक्रवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि इलाके में रहने वाला एक युवक लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था और धमकियां दे रहा था।

परिजनों के अनुसार छात्रा ने करीब एक माह पहले परदेशीपुरा थाने में लिखित शिकायत देकर युवक नमन कामले पर पीछा करने और धमकाने के आरोप लगाए थे। शिकायत में यह भी कहा गया था कि युवक ने उसके जीजा को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। हालांकि परिवार का आरोप है कि मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई और केवल समझाइश देकर छोड़ दिया गया। शुक्रवार सुबह छात्रा को उसके पिता ने कमरे में फंदे पर लटका देखा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## इंदौर में जल संरक्षण और सौर ऊर्जा अभियान में तेजी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में जल संरक्षण और सौर ऊर्जा को लेकर चलाए जा रहे जनजागरण अभियान का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक-34 का दौरा कर जल संरक्षण और सोलर एनर्जी से जुड़े मॉडल देखे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय रहवासियों और प्रबुद्ध नागरिकों से संवाद कर सुझाव भी लिए।

महापौर ने शिव वाटिका पहुंचकर स्थानीय रहवासियों द्वारा तैयार किए गए जल संरक्षण मॉडल का निरीक्षण किया। यहां गार्डन परिसर में एक कुआं बनाया गया है, जिसमें रिचार्ज शाफ्ट के जरिए बारिश के पानी का संग्रहण और भूजल रिचार्ज किया जाता है। रहवासियों ने बताया कि इस व्यवस्था से क्षेत्र का भूजल स्तर बना रहता है और आसपास की बोरिंग भी सूखती नहीं हैं। महापौर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण में जनभागीदारी सबसे जरूरी है और ऐसे प्रयास अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर उन परिवारों के घर भी पहुंचे, जिन्होंने अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाए हैं। उन्होंने परिवारों से सौर ऊर्जा के फायदे समझे और अन्य नागरिकों को भी इसे अपनाने की अपील की। महापौर ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग भविष्य के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के तहत महापौर ने वार्ड-34 की ग्रीन कंचन विहार कॉलोनी में प्रबुद्ध नागरिकों से भी मुलाकात की।




सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
एे.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com